डाक पंजीयन क्र. MP/Bhopal/186/2024-2026
लाइसेंस क्र. Tech/23-04/08/2024-2026
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 38506/84

रोज़गार और निर्माण

टेलीग्राम चैनल से जुड़ने के लिए यहां क्लिक करें

प्रति सेमवार को प्रकाशित, भोपाल 24.06.2024 से 30.06.2024 वर्ष-41 अंक-26 मूल्य ₹ 10.00

संक्षिप्त खबर

सामाजिक सुरक्षा पेंशन के लिए सत्यापन 15 जुलाई तक

भोपाल, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है। इसके तहत प्रदेश में 46 लाख 13 हजार 671 हितग्राहियों का ई-केवाईसी पूर्ण किया जा चुका है तथा शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ईकेवायसी किया जा रहा है। ईकेवाईसी में एक लाख 17 हजार 603 हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिलेवार 15 जुलाई 2024 तक पूरा हो जाएगा। केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएं संचालित की जाती हैं, जिनका ऑनलाइन क्रियान्वयन पेंशन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल 2023 से निरंतर जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत लगभग 85 प्रतिशत हितग्राहियों का सत्यापन हो चुका है। शेष हितग्राहियों के लिये सत्यापन की प्रक्रिया जारी है।

खरीफ-2024 से लागू होगी डिजिटल क्रॉप सर्वे परियोजना

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि खरीफ-2024 से कृषक हित में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना का क्रियान्वयन पूरे प्रदेश में किया जाए। इस परियोजना में किसान बंधु नवीन तकनीक से अपनी गिरदावरी को देख सकेंगे। यही नहीं फसल नुकसान की दशा में किसानों को बीमा राशि भी अविलंब प्राप्त हो जाएगी। परियोजना में सैटेलाइट इमेज द्वारा संभावित फसल की जानकारी भी प्राप्त की जा सकेगी। इससे किसानों को उपार्जन में सहायता मिलेगी साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड भी तत्काल स्वीकृत करने में आसानी होगी। मुख्यमंत्री ने एक बैठक में डिजिटल क्रॉप सर्वेक्षण परियोजना के संबंध में चर्चा की।

सेमी-कंडक्टर और चिप-डिजाइन क्षेत्र से खुलेंगे प्रगति के द्वार

भोपाल, विश्व में सेमी-कंडक्टर और चिप-डिजाइन क्षेत्र के सिरमौर ताइवान के साथ देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इन्दौर द्वारा शैक्षणिक और अनुसंधान संबंधी गतिविधियों के लिए किए जा रहे एमओयू से मध्यप्रदेश के विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और निवेशकों के लिए प्रगति के नए द्वार खुलेंगे। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय और ताइवान के छह विश्वविद्यालयों के साथ हुए एमओयू के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की हरसंभव कोशिश होगी कि ताइवान के साथ प्रदेश के संबंध मजबूत हों।

भीतर के पृष्ठों पर

- **पिछला सप्ताह** - देश-विदेश की साप्ताहिक खबरों का संक्षिप्त विवरण
- **चर्चा में** - चर्चित व्यक्तियों और ध्यान आकर्षित करने वाली खबरों की चर्चा
- **खेल चर्चा** - प्रमुख खेल गतिविधियों का विवरण
- **सामयिकी** - देश-विदेश की प्रमुख घटनाएं

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री ने केन-बेतवा परियोजना के भूमिपूजन के लिए किया अनुरोध

नई दिल्ली, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सौजन्य भेंट कर तीसरे कार्यकाल की बधाई देकर आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में नई केंद्र सरकार पूर्व की भांति मध्यप्रदेश के विकास और उन्नति के लिए सहयोग देती रहेगी। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही दो प्रमुख नदी-जोड़ो परियोजनाओं, केन-बेतवा परियोजना और पार्वती-कालीसिंध-चंबल परियोजना की जानकारी से अवगत कराया तथा प्रधानमंत्री से इस परियोजना के भूमिपूजन के लिए समय प्रदान करने का अनुरोध किया। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को प्रदेश में चल रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की स्थिति से भी अवगत कराया। उन्होंने बताया कि जल गंगा अभियान से प्रदेश के कुएं, बावड़ियां, नदियां, तालाब, पोखर, झील इत्यादि जल संरचनाओं पर ध्यान केंद्रित कर वृहद स्तर पर जनजागृति का अभियान चलाया जा रहा है।

उप राष्ट्रपति डिंडोरी में सिकल सेल दिवस के कार्यक्रम में हुए शामिल

शोधकर्ताओं-समाजसेवियों और चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से बीमारी पर लगेगी रोक

उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ ने राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित किया

डिंडोरी, उप राष्ट्रपति भवन में हर्बल पार्क की स्थापना में डिंडोरी का विशेष योगदान होगा। डिंडोरी में जैवविविधता एवं औषधीय वनस्पति की उपलब्धता को देखते हुए यहां सिकल सेल एनीमिया सहित अन्य बीमारियों के उपचार पर रिसर्च कार्य को तेजी से बढ़ाया जाना चाहिए। जिससे देश और विदेश में डिंडोरी का नाम प्रसिद्ध हो। उप राष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ डिंडोरी में आयोजित विश्व सिकल सेल दिवस-2024 के राज्य स्तरीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम और जागरूकता के लिए सभी स्तर पर समन्वित प्रयास की आवश्यकता है। शोधकर्ताओं-समाजसेवियों-चिकित्सकों के समन्वित प्रयास से इसे सामाजिक आंदोलन बनाना होगा।

जनजातियों का बहुत अधिक महत्व है

उप राष्ट्रपति ने कहा कि भारतीय सांस्कृतिक और सामाजिक परिवेश में जनजातियों का बहुत अधिक महत्व है। श्रीमती द्रौपदी मुर्मु का राष्ट्रपति बनना भारतीय इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति कर रही है। आर्थिक परिदृश्य में ब्राजील, कनाडा, इंग्लैंड और फ्रांस जैसे देशों से भारत आगे निकला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने और देश को सिकल सेल एनीमिया से मुक्ति कराने का संकल्प लिया है।

सिकल सेल के उन्मूलन के प्रयास

राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा कि मध्यप्रदेश में जनजातियों की जनसंख्या एक करोड़ 90 लाख है। अब तक लगभग 55 लाख से अधिक व्यक्तियों की जांच की जा चुकी है, इनमें से एक लाख 20 हजार 935 व्यक्ति बीमारी के वाहक हैं अर्थात इनमें सिकल सेल एनीमिया प्रारंभिक स्थिति में है जबकि इस बीमारी के मरीजों की संख्या 18 हजार से अधिक है। यह एक आनुवांशिक रोग है। केंद्र और राज्य सरकार द्वारा समन्वित रूप से सिकल सेल एनीमिया के उन्मूलन के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

राज्य सरकार जनजातीय क्षेत्र में विकास के लिए प्रतिबद्ध है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राज्य सरकार सिकल सेल उन्मूलन के लिए प्रतिबद्ध है। इसके लिए प्रदेश के प्रभावित क्षेत्रों में जागरूकता के साथ-साथ स्क्रीनिंग, उपचार और दवा वितरण आदि की व्यापक व्यवस्था की गई है। राज्य सरकार द्वारा जनजातीय क्षेत्रों के समग्र विकास के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। इसी क्रम में मंत्रिपरिषद की पहली बैठक जबलपुर में आयोजित की गई।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश में श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ

भोपाल, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री निवास में राज्य स्तरीय योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने योगाभ्यास किया और प्रदेशवासियों को योग से जुड़ने व इसके महत्व की जानकारी दी। इस दौरान मुख्यमंत्री निवास में पहुंचे विशिष्ट अतिथिगण और उपस्थित विद्यार्थियों तथा नागरिकों ने भी योग अभ्यास किया।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी श्रीनगर में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम में शामिल हुए। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि योग से व्यक्ति को शक्ति मिलती है, योग विद्या ही नहीं विज्ञान है। यह एकाग्रता लाने में सहायक है और मन की ताकत को बढ़ाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत द्वारा संयुक्त राष्ट्र में 10 वर्ष पूर्व अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के प्रस्ताव को विश्व के 177 देशों ने समर्थन दिया था। उन्होंने कहा कि योग से जुड़े नए-नए रिकॉर्ड बन रहे हैं। योग करने वालों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। योग की यह प्रेरणा मनुष्य के सकारात्मक प्रयासों को ऊर्जा देती है।

प्रधानमंत्री ने बनाया योग को लोकप्रिय

इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि योग का अर्थ जुड़ाव है, मन और आत्मा का जुड़ाव। आत्मा का चेतना से जुड़ाव और हमारे खान-पान, रहन-सहन और आचार-विचार से भी योग का संबंध है। इस नाते योग से इस वर्ष श्रीअन्न को भी जोड़ा गया है। उन्होंने कहा कि योग को लोकप्रिय बनाने के प्रधानमंत्री श्री मोदी के प्रयास सार्थक हो रहे हैं। उन्होंने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र में योग दिवस का प्रस्ताव रखा था, जिसे सर्वानुमति से सभी राष्ट्रों ने स्वीकार किया। यह भारत की उज्ज्वल, गरिमापूर्ण, गौरवपूर्ण संस्कृति और हजारों साल से चली आ रही आहार शैली को भी समर्थन था।

प्रदेश में श्रीअन्न उत्पादकों को प्रोत्साहन राशि

मुख्यमंत्री ने कहा कि कोदो-कुटकी सहित सभी तरह के मोटे अनाज अर्थात श्रीअन्न के उत्पादन को प्रोत्साहित किया गया है। करीब छह माह पूर्व जबलपुर में मंत्रिपरिषद की बैठक में पहला फैसला श्रीअन्न के प्रोत्साहन पर लिया गया था। इसी क्रम में श्रीअन्न संवर्धन अभियान का शुभारंभ किया गया। मुख्यमंत्री को दो किसानों ने श्रीअन्न बीज के पैकेट भेंट किए।

पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा : देवस्थलों के प्रति हमारी आस्था को जोड़ने का संकल्प है - मुख्यमंत्री

उज्जैन, पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा सिर्फ श्री महाकालेश्वर और ओंकारेश्वर के लिये नहीं है बल्कि यह आस्था के केंद्र ज्योतिर्लिंगों के प्रति देश और दुनिया में स्थित श्रद्धालुओं की आस्था को जोड़ने का संकल्प है। यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के प्रति मैं आभार व्यक्त करता हूं कि उज्जैन में एयरपोर्ट बनाने के लिए भारत सरकार द्वारा स्वीकृति दे दी गई है। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उज्जैन स्थित पुलिस लाइन में पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा के शुभारंभ समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रदेश में हवाई सेवा का विस्तार निरंतर जारी रहेगा। आने वाले दिनों में हेलीकॉप्टर की संख्या और बढ़ाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के मैहर, दतिया, ओरछा सहित अन्य धार्मिक, पर्यटन और ऐतिहासिक महत्व के देव स्थलों को भी हवाई यात्रा से जोड़ा जाएगा।

सांप्रदायिक सौहार्द्र की अनूठी मिसाल

मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन को पिछले दो दिनों में कई महत्वपूर्ण विकास कार्यों की सौगात मिली है। उन्होंने कहा कि विकास के लिए उज्जैनवासियों ने सांप्रदायिक सौहार्द्र की अनूठी मिसाल पेश की है। केडी मार्ग चौड़ीकरण के लिए स्वेच्छा से धार्मिक स्थलों को पीछे करने के लिए मुख्यमंत्री ने उज्जैनवासियों को धन्यवाद दिया।

दूषित जल मां शिप्रा में नहीं मिलेगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि विकास के मामले में उज्जैन नित्य नए आयाम स्थापित कर रहा है। मां शिप्रा शुद्धिकरण के संकल्प को पूरा करने के लिए कान्ह क्लोज डक्ट परियोजना का भूमिपूजन किया गया जिसमें बड़े आकार की लाइन से पूरी कान्ह नदी की दिशा बदली जायेगी। इससे मां शिप्रा में कान्ह का दूषित पानी नहीं आएगा और जल शुद्ध बना रहेगा। लगभग 6 हजार करोड़ लागत का इंदौर-उज्जैन सिक्स लेन मार्ग स्वीकृत किया गया है। दूसरी तरफ उज्जैन जावरा मार्ग भी लगभग 5 हजार करोड़ से निर्मित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग के माध्यम से लगभग 6 हजार करोड़ रुपये के काम प्रगतिरत हैं।

15 जून

पुराने पाठ्यक्रम से कोर्स कर रहे छात्रों को अतिरिक्त अवसर देगा आईसीएसआई

● इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया ने पुराने पाठ्यक्रम से कोर्स कर रहे छात्रों को परीक्षा देने का अतिरिक्त अवसर दिया है। सीएस एजीक्यूटिव और प्रोफेशनल के छात्र दिसंबर 2024 के साथ ही जून 2025 में भी परीक्षा दे पाएंगे। इसके बाद सभी छात्रों को नए पाठ्यक्रम के आधार पर परीक्षा में बैठना होगा। दरअसल, पिछले अक्टूबर में इंस्टीट्यूट के अध्यक्ष ने नए पाठ्यक्रम की घोषणा की थी। अतिरिक्त अवसर साल 2017 में दाखिला लेने वाले छात्रों को दिया जा रहा है। नया पाठ्यक्रम प्रोफेशनल और एजीक्यूटिव छात्रों के लिए ही तैयार किया गया है।

● भारतीय सेना को पहला आत्मघाती ड्रोन 'नागास्त्र-1 मिल गया है। भारत में निर्मित इस मानवरहित ड्रोन को नागपुर की सोलर इंडस्ट्रीज ने बनाया है। कंपनी ने 120 ड्रोन सौंपे हैं। इस योजना के तहत भारतीय सेना को कुल 450 ड्रोन सौंपे जाएंगे। यह ड्रोन 9 किलो वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी रेंज 30 किलोमीटर है। इसे पैदल सेना भी ले जा सकती है। पिछले साल ऐसे ही ड्रोन विदेशी फर्म से ऊंची कीमत में खरीदने पड़े थे। स्वदेशी तकनीक से बना यह ड्रोन 75 प्रतिशत सस्ता है।

● रक्षा मंत्री श्री राजनाथ सिंह ने कहा कि भारतीय नौसेना लगातार सशक्त होती जा रही है। नौसेना को और सशक्त बनाने पर जोर दिया जाएगा। साथ ही हिंद महासागर क्षेत्र में देश की नौसैनिक शक्ति की मौजूदगी को और प्रभावी एवं सशक्त बनाया जाएगा। रक्षा मंत्री ने नौसैनिक अधिकारियों और नाविकों से बातचीत करते हुए कहा कि हमारी नौसेना यह सुनिश्चित करती है कि कोई भी देश हिंद-प्रशांत महासागर में किसी देश का दमन न कर सके।

16 जून

पोलियो प्रभावित 11 देशों की यात्रा के पूर्व टीकाकरण अनिवार्य

● केंद्र सरकार ने पोलियो प्रभावित 11 देशों की यात्रा से पूर्व टीकाकरण अनिवार्य किया है। बगैर टीकाकरण के प्रभावित देशों से आने वाले यात्रियों के प्रवेश पर रोक लगाने के साथ ही निगरानी शुरू कर दी है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने पुराने नियम में संशोधन करते हुए यात्रियों के लिए ओरल पोलियो वैक्सीन (ओपीवी) के अलावा इनएक्टिवेटेड पोलियो वैक्सीन (आईपीवी) को भी मान्यता दी है। यह खुराक यात्रा से कम से कम चार सप्ताह पहले लेना अनिवार्य है। दोनों में से किसी भी एक टीके की खुराक का प्रमाण पत्र मान्य होगा। केंद्र सरकार ने अफगानिस्तान, कैमरून, नाइजीरिया, पाकिस्तान, सोमालिया और सीरिया को स्थानिक देश की श्रेणी में रखा है। वहीं मलावी, मोजाम्बिक, मेडागास्कर, कांगो और डीआर कांगो को पोलियो वायरस प्रसार की श्रेणी में रखा है।

● जापान सरकार ने माउंट फूजी पर पर्वतारोहियों की भीड़ रोकने के लिए दरवाजे लगा दिए हैं। दरअसल माउंट फूजी में पर्यटकों की बढ़ती भीड़ स्थानीय प्रशासन के सामने बड़ी चुनौती बनकर उभरी है। एक जुलाई से नया पर्वतारोहण सत्र शुरू होगा। इससे पहले यामानाशी प्रशासन ने माउंट फूजी के बीच रास्ते पर एक गेट बनाया है ताकि भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। नई व्यवस्था के तहत पर्वतारोहियों को रिजर्वेशन करवाना होगा। 2,000 येन का अनिवार्य पैदल शुल्क भी देना होगा। वहीं पर्यावरण संरक्षण के लिए 1,000 येन का वैकल्पिक दान भी कर सकते हैं।

17 जून

यूक्रेन में शांति के लिए रखी गई 'शर्त' पर भारत सहमत नहीं

● विश्व के 80 देशों ने युद्ध खत्म होने के लिए यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता बरकरार

रखने की शर्त को मुख्य आधार बनाए जाने के बयान पर हस्ताक्षर किए हैं, लेकिन भारत सहित 12 देशों ने इस शर्त से टकराव की स्थिति बनने की आशंका जताते हुए बयान पर हस्ताक्षर करने से इनकार कर दिया है। भारत ने कहा कि वह बातचीत के जरिये यूक्रेन में शांति स्थापित किए जाने का पक्षधर है। यूक्रेन पर हमला करने वाले रूस की अनुपस्थिति में 28 महीने से जारी युद्ध की समाप्ति का शांतिपूर्ण रास्ता खोजने की कोशिश हुई। दो दिनों की चर्चा के बाद तैयार हुए अंतिम दस्तावेज में क्षेत्रीय अखंडता की शर्त के साथ ही परमाणु सुरक्षा, खाद्य सुरक्षा और बंदियों की अदला-बदली वाले बिंदु भी हैं।

● सुरक्षा बलों ने मणिपुर के तेंगनौपाल जिले में उग्रवादियों पर कड़ी कार्यवाही की। इस कार्यवाही के दौरान कांगपोकपी जिले में कई अत्याधुनिक हथियार जब्त किए। राज्य पुलिस द्वारा एक बयान जारी कर यह जानकारी दी गई। बयान के अनुसार सुरक्षा बलों ने तेंगनौपाल जिले में लामलोंग गांव के पास शानतोंग से तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया। राज्य में स्थिति नियंत्रण में है और सुरक्षा बल कानून व्यवस्था की स्थिति कायम रखने के लिए लगातार तलाशी अभियान चला रहे हैं। बराक और जिरि नदी घाटी क्षेत्र में नियमित गश्त बढ़ा दी गई है।

18 जून

रक्षा मंत्रालय ने 156 हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर खरीदने का किया सौदा

● भारत सरकार मेक इन इंडिया के जरिये रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लगातार प्रयास

कर रही है। इसी सिलसिले में रक्षा मंत्रालय ने 156 हल्के लड़ाकू हेलीकाप्टरों को खरीदने के लिए सरकारी कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लिमिटेड (एचएएल) से 45 हजार करोड़ रुपये का सौदा किया है। इन हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टरों में से 90 हेलीकॉप्टर थलसेना और 66 हेलीकॉप्टर वायुसेना को मिलेंगे। इस हल्के लड़ाकू हेलीकॉप्टर को प्रचंड के नाम से भी जाना जाता है। प्रचंड 5,000 मीटर (16,400 फीट) की ऊंचाई तक उड़ान भरने और उतरने वाला दुनिया का एकमात्र हेलीकॉप्टर है।

● केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) शहीद हुए या वीरता पदक से सम्मानित अपने जवानों के बच्चों को कृत्रिम मेधा (एआई), कम्प्यूटर विज्ञान और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे तकनीकी संकायों में बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए मदद कर रहा है। इसके लिए सीआरपीएफ ने प्रमुख संस्थानों के साथ विशेष समझौता किया है। देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल ने अब तक 31 विश्वविद्यालयों के साथ ऐसे समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इनमें से 22 संस्थान तमिलनाडु के हैं।

● आधुनिक दौर में आतंकी वारदात से लेकर अपराध का मुख्य जरिया बने मोबाइल तथा लैपटॉप से नष्ट किया गया डाटा अब कुछ ही घंटे के अंदर रिकवर किया जा सकेगा। चंडीगढ़ की सेंट्रल फॉरेंसिक साइंस लेबोरेटरी (सीएफएसएल) ने ऐसी तकनीक ईजाद की है, जिससे बुरी तरह टूटे, अधजले मोबाइल से डेटा रिकवर कर अपराधियों को पकड़ा जा सकता है। अब तक यह तकनीक अमेरिका और कुछ अन्य देशों के पास ही थी। चिप ऑफ फॉरेंसिक डिजिटल डाटा को निकालने की एक मॉडर्न तकनीक है, जिसमें फ्लैश मेमोरी चिप को भौतिक रूप से निकाल कर विशेष उपकरण के जरिए डेटा निकाल लिया जाता है।

19 जून

आईजीआई एयरपोर्ट ने शुरू की सेल्फ-सर्विस बैगेज की सुविधा

● नई दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट अब अपने नए सेल्फ-सर्विस बैगेज

ड्रॉप सिस्टम के साथ तेज और सहज चेक-इन अनुभव दे रहा है। यह पहल दिल्ली को भारत में हवाई अड्डे की दक्षता के मामले में सबसे बेहतर बनाती है। इसके साथ ही दिल्ली एयरपोर्ट टोरंटो के बाद यह सेवा देने वाला दुनिया का दूसरा हवाई अड्डा बना है। सेल्फ बैग ड्रॉप सुविधा से आप अपना सामान कम समय में चेक इन करा सकेंगे। साथ में अपने सामान को खुद ही टैग करके बोर्डिंग पास प्रिंट कर सकेंगे। इसमें आपके सामान की स्लिप भी उसमें टैग होगी। एयरपोर्ट संचालित करने वाली कंपनी का दावा है कि इस सुविधा से चेक-इन प्रक्रिया में एक मिनट की जगह 30 सेकेंड लगेगा।

● थाईलैंड में भी अब समलैंगिक शादी हो सकेगी। थाईलैंड की संसद ने इस कानून को मंजूरी प्रदान की है। संसद में इस कानून को लेकर वोटिंग हुई, जिसमें सदन में 152 सदस्य मौजूद थे, इनमें से 130 सदस्यों ने विधेयक के पक्ष में मतदान किया, जबकि 4 सदस्यों ने इसके खिलाफ वोटिंग की। वहीं, 18 सदस्यों ने इसमें हिस्सा नहीं लिया। इस विधेयक को थाईलैंड के राजा महा वजिरालोंगकोर्न की औपचारिक स्वीकृति मिलने के बाद सरकारी राजपत्र में प्रकाशित किया जाएगा। एशिया में अभी ताइवान और नेपाल ऐसे देश हैं, जहां समलैंगिक विवाह कानूनी रूप से स्वीकार्य हैं।

● अमेरिका की जो बाइडेन सरकार ने अवैध अप्रवासियों से जुड़ी एक नई नीति की घोषणा की है। बाइडेन ने 5 लाख से ज्यादा ऐसे लोगों को राहत दी है जिन्होंने अमेरिकी नागरिकों से शादी की है और अवैध रूप से पिछले 10 साल से अमेरिका में रह रहे हैं। इसका फायदा उन अमेरिकी लोगों को होगा जिन्हें अमेरिकी नागरिकता मिल गई है, लेकिन उनके जीवनसाथी को नागरिकता नहीं मिली है। नए कानून के बाद बिना दस्तावेज वाले जीवनसाथियों को वीसा और वर्क परमिट भी मिलेगा।

20 जून

अप्रैल में ईएसआईसी से जुड़े 16 लाख से अधिक नए सदस्य

● कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) से अप्रैल में 16.47 लाख नए सदस्य जुड़े। श्रम मंत्रालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया कि आंकड़ों के आधार पर, यह ध्यान देने योग्य है कि राष्ट्र के युवाओं के लिए अधिक नौकरियां पैदा हुई हैं। अप्रैल में जोड़े गए कुल 16.47 लाख कर्मचारियों में से 7.84 लाख कर्मचारी (कुल पंजीकरण का 47.60 प्रतिशत) 25 वर्ष तक के आयु वर्ग के हैं। बयान के अनुसार, अप्रैल में करीब 18,490 नए प्रतिष्ठानों को ईएसआईसी योजना के सामाजिक सुरक्षा दायरे में लाया गया है।

● शिक्षा मंत्रालय ने यूजीसी नेट परीक्षा रद्द कर दी। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने यह परीक्षा 18 जून को आयोजित कराई थी। इस परीक्षा में देशभर के 317 शहरों में 9 लाख से अधिक परीक्षार्थी बैठे थे। शिक्षा मंत्रालय ने कहा कि यूजीसी को गृह मंत्रालय के इंडियन साइबर क्राइम को-आर्डिनेशन सेंटर (आईसी) से जानकारी मिली थी। इससे प्रथम दृष्टया परीक्षा में गड़बड़ के संकेत मिले हैं। परीक्षा प्रक्रिया की उच्चतम पारदर्शिता और पवित्रता बनाए रखने के लिए यह तय किया गया है।

● देश में दूरसंचार ग्राहकों की संख्या दूसरी बार 1.2 अरब के पार पहुंच गई है। नए ग्राहकों की संख्या और कुल ग्राहक आधार दोनों ही मामलों में रिलायंस जियो सबसे आगे है। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) की मासिक ग्राहक रिपोर्ट के अनुसार देश में कुल दूरसंचार ग्राहकों का आधार अप्रैल के अंत में 0.16 प्रतिशत बढ़कर 120.12 करोड़ हो गया। यह संख्या मार्च, 2024 में 119.92 करोड़ थी।

21 जून

दुनिया के सबसे ऊंचे चिनाब ब्रिज पर रेलगाड़ी का सफल परीक्षण

● भारतीय रेलवे ने जम्मू-कश्मीर में बने दुनिया के सबसे ऊंचे रेलवे पुल चिनाब रेल ब्रिज पर दस डिब्बों वाली रेलगाड़ी के साथ सफल परीक्षण किया। चिनाब नदी पर 359 मीटर की ऊंचाई पर बना यह ब्रिज रामबन जिले के संगलदान और रियासी के बीच में स्थित है। यह पुल 260 किलोमीटर प्रति घंटे तक की हवा का सामना कर सकता है। चिनाब रेल ब्रिज पर बनी रेल लाइन पर रेल सेवाएं जल्द ही शुरू होंगी।

● चीन ने तिब्बती धर्मगुरु दलाई लामा से बातचीत को लेकर बड़ा बयान दिया है। चीन ने कहा कि उसका दलाई लामा से कोई संपर्क नहीं है। दलाई लामा बातचीत के लिए अपने राजनीतिक प्रस्तावों में सुधार करें, तभी वह उनके साथ वार्ता कर सकता है। इसके साथ चीन ने अमेरिका को सुझाव देते हुए कहा कि अमेरिका, तिब्बत से जुड़े मुद्दों को लेकर संवेदनशीलता का सम्मान करे। बता दें कि वाशिंगटन एक सख्त तिब्बत नीति कानून पारित करने वाला है।

● योग निद्रा का अभ्यास आपकी बौद्धिक क्षमता को बढ़ा सकता है। आईआईटी

दिल्ली और महाजन इमेजिंग के शोधकर्ताओं ने योग निद्रा करने से मस्तिष्क की तंत्रिका तंत्र पर पड़ने वाले प्रभावों पर शोध किया। इस शोध से पता चला कि अभ्यास की गहन अवस्था योग निद्रा में मस्तिष्क का वह हिस्सा सक्रिय होता है, जो विश्राम और चेतना से जुड़ा है। यह भी पता चला कि योग/ध्यान में अधिक अनुभव वाले व्यक्तियों में योग निद्रा के समय मस्तिष्क में ज्यादा अहम बदलाव होते हैं।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित
फोटो : गूगल से साभार)

एक दूरदर्शी प्रयास है नई शिक्षा नीति

भोपाल, स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री श्री उदय प्रताप सिंह शासकीय कमला नेहरू कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, भोपाल में 'स्कूल चलें हम अभियान' के तहत अभिभावक - शिक्षक संवाद कार्यक्रम (पीटीएम) में शामिल हुए।

श्री उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कमला नेहरू विद्यालय सत्र 2025-26 में सीएम राइज़ विद्यालय करीब 60 करोड़ रुपये की लागत से बनकर तैयार होगा। उन्होंने कहा कि पहले परिजन अपने बच्चों को प्राइवेट स्कूल में पढ़ाना पसंद करते थे, क्योंकि वह प्राइवेट स्कूल को सरकारी स्कूल से बेहतर समझते थे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तय किया कि प्रदेश के बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा देंगे। शासकीय स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों को बेहतर शिक्षा, बेहतर माहौल, अच्छा कैंपस, मोटिवेशन क्लास मिले।

श्री सिंह ने कहा कि नई शिक्षा नीति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी का बेहतर शिक्षा को लेकर भविष्य का सपना है। यह इस दिशा में किया गया एक दूरदर्शी प्रयास है, जिसके परिणाम हमें शीघ्र ही दिखाई देंगे।

वर्ष 41, अंक 26 24.06.2024 से 30.06.2024
रोज़गार और निर्माण
www rojgaraurnirman.in

● प्रबंध संचालक - संदीप यादव
● सम्पादक - रंजना चितले
● प्रबंधक - वंदना चतुर्वेदी (विज्ञापन एवं प्रसार)
● प्रबंधक - सुभाष चन्द्र जोशी (मुद्रण)
● आकल्पन - अरविन्द टोप्पो
● वेबसाइट - आत्माराम शर्मा

वार्षिक सदस्य बनने के लिये रुपये 500/- (पाँच सौ) का डी.डी., मनीऑर्डर अथवा पोस्टल ऑर्डर रोज़गार और निर्माण, भोपाल के नाम बनवाकर नीचे लिखे पते पर भेजें :-
रोज़गार और निर्माण, मध्यप्रदेश माध्यम, 40 प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) पिन-462011
फोन- 2760006, 2551330, 4281330, फैक्स - 4228409, **e-mail : madhyam.rojgar@gmail.com**
रोज़गार और निर्माण कार्यालय में नगद राशि जमा कर भी इसकी वार्षिक सदस्यता प्राप्त की जा सकती है। रोज़गार और निर्माण में प्रकाशित लेखों में व्यक्त विचार लेखकों के अपने हैं। इनसे सम्पादक की सहमति अनिवार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के विवाद के लिये न्यायालयीन अधिकार क्षेत्र भोपाल रहेगा। रोज़गार और निर्माण में निजी संस्थाओं के विज्ञापन भी प्रकाशित किये जाते हैं, इन विज्ञापनों में किए गए दावे और तथ्य निजी संस्थाओं के अपने होते हैं। इसका समाचार पत्र के प्रबंधन से कोई संबंध नहीं है।

सम्पादकीय

विश्व सिकल सेल दिवस और मध्यप्रदेश में सिकल सेल उन्मूलन की प्रगति

जनजातीय समुदाय के लोगों के जीवन को सुरक्षित करने, सिकल सेल एनीमिया से मुक्त करने और इस बीमारी से प्रभावित बच्चों और परिवारों के जीवन बचाने की दिशा में मध्यप्रदेश निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में प्रदेश में मध्यप्रदेश के डिंडौरी में विश्व सिकल सेल दिवस पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। खास बात यह है कि इस कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ मुख्य रूप से उपस्थित हुए और उन्होंने मध्यप्रदेश द्वारा जनजातीय समुदाय की सुरक्षा के लिये चलाये जा रहे इस अभियान की प्रशंसा की। सिकल सेल एनीमिया की रोकथाम एवं उपचार के इस क्रम का शुभारंभ 15 नवम्बर 2021 को जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने किया था। यह प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा और प्रोत्साहन का ही परिणाम है कि प्रदेश में इस मिशन के अंतर्गत अलीराजपुर एवं झाबुआ जिले में चलाये गये पायलट प्रोजेक्ट के तहत कुल 9 लाख 17 हजार जनसंख्या की स्क्रीनिंग की गयी।

जनजातीय समुदाय के लिए राहत एवं बचाव का यह क्रम यहीं नहीं रुका। इस मिशन के दूसरे चरण में 1 जुलाई 2023 को मध्यप्रदेश के जनजातीय बाहुल्य जिलों के 89 विकासखण्डों में लगभग 1 करोड़ 11 लाख नागरिकों की सिकल सेल स्क्रीनिंग करने का लक्ष्य रखा गया जिसमें अब तक 49 लाख 17 हजार लोगों की स्क्रीनिंग की गई। जिसमें से 1 लाख 20 हज़ार 493 सिकल वाहक एवं 18 हजार 182 सिकल मरीज चिन्हित किये गए हैं। जनजातीय बाहुल्य इलाकों में सिकल सेल एनीमिया की व्यापकता अधिक है एवं सिकल सेल एनीमिया जनजातीय क्षेत्रों में एक अहम स्वास्थ्य समस्या है। बीमारी के प्रसार को रोकने के लिए समुदाय स्तर पर स्क्रीनिंग द्वारा रोगी की पहचान कर जेनेटिक काउंसिलिंग एवं प्रबंधन करना अत्यंत आवश्यक है। मध्यप्रदेश में अब तक 22 लाख 96 हजार जेनेटिक कार्ड वितरित किये जा चुके हैं। सिकल सेल मरीजों की जांच एवं उपचार सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये प्रत्येक जिला चिकित्सालय में एचपीएलसी मशीन द्वारा पुष्टीकरण जांच की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त अन्य जांच जैसे- सी.बी.सी., टोटल आयरन, सिरम फेरीटिन आदि जांचों की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। सिकल सेल एनीमिया की पुष्टिकरण जांच पीओसी किट द्वारा स्क्रीनिंग स्थल पर त्वरित जांच परिणाम प्राप्त कर सिकल रोगी का प्रबंधन किया जा रहा है। पुष्टिकरण जांच में पॉजिटिव पाये गये सिकल सेल मरीजों का जिला स्तर पर संचालित एकीकृत उपचार केन्द्र में प्रबंधन एवं उपचार किया जा रहा है। समस्त रोगियों को हाइडॉक्सीयूरिया, फोलिक एसिड दवाइयों का वितरण तथा आवश्यकतानुसार निःशुल्क रक्तदान दिया जा रहा है। सिकल सेल रोगियों को सुरक्षित ब्लड-ट्रांसफ्यूजन के लिये प्रदेश के ब्लड सेंटरों का भी सुदृढ़ीकरण किया गया है। सिकल सेल स्क्रीनिंग की रिपोर्टिंग एवं डाटा ट्रैकिंग हेतु मोबाइल एप एवं नेशनल सिकल सेल पोर्टल विकसित किया गया है। मध्यप्रदेश ने नवजात शिशुओं में जन्म के 72 घंटे के अंदर विशेष जांच के लिये एम्स भोपाल में लैब स्थापित कर जनजातीय बाहुल्य जिलों से भेजे गये सैम्पलों की जांच प्रारंभ की गई है। सिकल सेल एनीमिया की स्क्रीनिंग तथा प्रबंधन के प्रशिक्षण एवं तकनीकी सहयोग आईसीएमआर, एनआईआरटीएच, जबलपुर द्वारा दिया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रदेश के समस्त 89 जनजातीय बाहुल्य विकासखण्डों में पदस्थ प्रबंधकीय एवं चिकित्सकीय स्टाफ के साथ-साथ मैदानी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है। सिकल सेल रोग के प्रसार को आगामी पीढ़ी में जाने से रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं की प्रि-नेटल डायग्नोसिस 'संकल्प इंडिया' के सहयोग से की जा रही है।

नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन और हरित प्रौद्योगिकी विनिर्माण में भारत हुआ मजबूत

विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) द्वारा जारी वैश्विक ऊर्जा बदलाव सूचकांक में भारत दुनिया में 63वें स्थान पर है। डब्ल्यूईएफ के अनुसार भारत ने ऊर्जा समानता, सुरक्षा और स्थिरता के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया है। इस सूचकांक में यूरोपीय देशों ने भी बेहतर प्रदर्शन किया है। इसमें स्वीडन शीर्ष पर है। इसके बाद डेनमार्क, फिनलैंड, स्विट्जरलैंड और फ्रांस शीर्ष पांच देशों में शामिल हैं। इस सूचकांक में चीन को 20वां स्थान मिला है। विश्व आर्थिक मंच एक स्विस गैर-लाभकारी एवं अंतर्राष्ट्रीय संगठन है। इसकी स्थापना 1971 में हुई थी, इस संगठन का मुख्यालय स्विट्जरलैंड के जिनेवा में है। यह संगठन वैश्विक, क्षेत्रीय और औद्योगिक एजेंडों को आकार देने के लिये राजनीतिक, व्यापारिक, सामाजिक और शैक्षणिक क्षेत्र के अग्रणी नेतृत्व को एक संयुक्त मंच उपलब्ध कराता है। यह एक स्वतंत्र और निष्पक्ष संगठन है जिसका स्वयं का कोई हित नहीं है।

डब्ल्यूईएफ ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत और कुछ अन्य विकासशील देश जैसे चीन और ब्राजील द्वारा दिखाया गया सुधार महत्वपूर्ण है। क्योंकि 83 प्रतिशत देश तीन ऊर्जा प्रणाली प्रदर्शन आयाम, सुरक्षा, समानता और स्थिरता में किसी एक में पिछले साल की तुलना में पिछड़ गए हैं। डब्ल्यूईएफ ने भारत द्वारा उठाए गए विभिन्न कदमों का उल्लेख करते हुए अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत ऐसे परिणाम देने में अग्रणी रहा है जिन्हें अन्य स्थानों पर दोहराया जा सकता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत ने अभी तक जो प्रगति दिखाई है उसके अनुसार सरकार जागरूकता पैदा करने और नीतिगत हस्तक्षेप पर भी विचार कर रही है। इसमें ऊर्जा-दक्ष निर्मित बुनियादी ढांचे के लिए दिशानिर्देश और रेट्रोफिटिंग के लिए प्रोत्साहन शामिल है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विकासशील देशों के पास दुनिया को फिर से लिखने और ऊर्जा मांग को सफलतापूर्वक बदलने का रास्ता दिखाने का अवसर है। डब्ल्यूईएफ ने अंत में अपनी रिपोर्ट में कहा कि भारत और चीन ने नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन, ऊर्जा पहुंच में सुधार और ऊर्जा सुरक्षा के मामले में अभूतपूर्व प्रगति की है।

- विकास तिवारी

(लेखक, प्रतियोगी परीक्षाओं से जुड़े विषयों पर लेखन करते हैं)

मध्यप्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान

मध्यप्रदेश में चलाया जा रहा पौधारोपण अभियान

मध्यप्रदेश सरकार ने सामाजिक संगठनों और जन सामान्य का सहयोग लेकर जल संवर्धन और पर्यावरण संरक्षण का अद्भुत अभियान चलाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में चले इस 'जल गंगा संवर्धन अभियान' के अंतर्गत नगरों, कस्बों और गांवों के जल स्रोतों की सफाई की गई और उनके आसपास वृक्षारोपण हुआ।

मध्यप्रदेश में जल संरक्षण और संवर्धन के इस अभियान की शुरुआत 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस से हुई। पर्यावरण सुधार के लिये 1973 से इस दिवस का आयोजन पूरे विश्व में होता है। भारत में पर्यावरण सुरक्षा का कार्य विभिन्न तीज त्योहारों के माध्यम से होता है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पांच जून के इस विश्व पर्यावरण दिवस को भारतीय परंपरा से जोड़ा और जल गंगा संरक्षण अभियान के समापन के लिये गंगा दशहरा की तिथि निर्धारित की जो 16 जून को थी। गंगा दशहरा धरती पर गंगा नदी के अवतरण की तिथि मानी जाती है। इस दिन श्रद्धालु गंगा स्नान और दर्शन को जाते हैं। जो नहीं जा पाते वे स्थानीय जल स्रोतों के पूजन स्नान से इस परंपरा का पालन करते हैं। गंगा नदी के पानी की कुछ विशिष्टताएं हैं जिन पर विश्व भर के वैज्ञानिक अनुसंधान कर रहे हैं। इसकी शुद्धिकरण के लिये प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पिछले कार्यकाल में 'नमामि गंगे' अभियान आरंभ किया था।

भारत की नदियां केवल जल आपूर्ति का माध्यम नहीं हैं अपितु ये सांस्कृतिक विकास और वैभव की प्रतीक हैं। विशेषकर पर्वतीय और वनक्षेत्र की चट्टानों के जल संग्रहण से होकर बहने वाली नदियां औषधियों का भी माध्यम होती हैं। 'नमामि गंगे अभियान' के पीछे प्रधानमंत्री का उद्देश्य जल संरक्षण, जल स्रोत संवर्धन के साथ जल विशिष्टता का संरक्षण करना भी है। इस अभियान के माध्यम से नदियों के पारिस्थितिक स्वरूप में सुधार, नदियों के किनारे वृक्षारोपण और इनके समीप भूमि को आद्र बनाना है। धरती का जीवन बचाने और पानी की गुणवत्ता बनाए रखने के लिए ऐसे अभियान आवश्यक हैं। मध्यप्रदेश में भी जल संवर्धन का कार्य युद्ध स्तर पर आरंभ हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस वर्ष जल स्रोतों के संरक्षण के लिये इस अभियान को 'जल गंगा संवर्धन अभियान' नाम दिया। इसके अंतर्गत जल स्रोतों के संवर्धन और संरक्षण के साथ सीवरेज उपचार, रिवर-फ्रंट डेवलपमेंट, नदी-सतह की सफाई, जैव विविधता संरक्षण, वनीकरण आदि के काम भी जोड़े। कामों की गुणवत्ता के लिये औद्योगिक प्रवाह निगरानी पोस्ट बनाने का भी निर्णय हुआ। मध्यप्रदेश सरकार ने इस अभियान के तहत सभी छोटे-बड़े 212 जल स्रोतों की सफाई के लिये कार्य आरंभ किये। इसके साथ पूरे प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ पौधे रोपने का लक्ष्य निर्धारित किया। इस जल गंगा संवर्धन अभियान में लगभग सभी शासकीय विभागों का योगदान महत्वपूर्ण रहा फिर भी पंचायत एवं ग्रामीण विकास और नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने सीधे स्थानीय जन प्रतिनिधियों और नागरिकों को जोड़कर नगरों और गांवों के जल स्रोतों की सफाई एवं संवर्धन का विशिष्ट अभियान चलाया। केवल नगरीय क्षेत्र में 30 लाख घनमीटर क्षमता का जलग्रहण संरचनाओं में विस्तार किया गया। अभियान के दौरान विभिन्न जल संरचनाओं से 3 लाख 18 हजार 345 घनमीटर मिट्टी एवं गाद निकाली गई।

जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल संरचनाओं के संरक्षण के साथ उनके उन्नयन को प्राथमिकता दी। भारत की ये जल संरचनाएं केवल जल स्रोत भर नहीं हैं। इनमें औषधीय गुण भी होते हैं। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राकृतिक जल स्रोतों की इस औषधीय विशेषता के संवर्धन पर भी जोर दिया। यद्यपि जल गंगा संवर्धन अभियान का औपचारिक समापन 16 जून को हो गया है। पर पौधा रोपण कार्य हरियाली अमावस्या तक चलेगा। इसके साथ जल संवर्धन कार्य पूरे वर्ष चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने निर्देश दिये हैं कि जल संरचनाओं से मिलने वाले गंदे पानी के नाले अथवा नालियों को डायवर्सन के उपरांत शोधित करके ही जल संरचना में छोड़ा जाए। अब इन जल संरचनाओं को व्यवसाय एवं रोज़गारमूलक बनाने के उद्देश्य से पर्यटन, मत्स्य पालन, सिंघाड़े का उत्पादन जैसी संभावनाओं का आकलन भी किया जाएगा और उसके अनुरूप इनको विकसित किया जायेगा। जल संग्रहण संरचना से निकाली गई मिट्टी एवं खाद का उपयोग खेतों में करने की भी योजना बनी। जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत स्थानीय कृषकों के साथ बैठकें करके भविष्य की योजनाएं भी बनाई गईं। जल संरचनाओं के किनारे पर यथा संभव बफर जोन तैयार किए गये हैं। इस जोन में अतिक्रमण से बचाने एवं नदी तालाबों के कटावों को रोकने के लिए हरित क्षेत्र पार्क का विकास जैसे कार्य किए गये और स्थानीय नागरिकों को जागरुक करने के लिये विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। नगरीय क्षेत्र में जल संरचनाओं के जल की गुणवत्ता की जांच भी की गई और जहां अपेक्षाकृत अधिक प्रदूषण पाया गया वहां प्रदूषण रोकने की योजनाएं बनाई गई। इस अभियान के अंतर्गत नर्मदा, चम्बल, ताप्ती, सोन, बेतवा, तवा, क्षिप्रा, केन, सिंधु, पार्वती, टोंस आदि प्रदेश की सभी नदियों की सफाई की गई और उनमें मिलने वाले नालों अथवा नालियों के जल शोधन की दिशा में भी काम हुआ। इसके अतिरिक्त प्रदेश के विभिन्न स्थानों में स्थित ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक जल संरचनाओं आदि के संरक्षण करने, सूखे कुएं, तालाब को पुनर्जीवित करने की दिशा में काम हुआ। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इस अभियान को प्रमुख नदियों एवं जल स्रोतों के इतिहास, स्थानीय सांस्कृतिक और धार्मिक परंपराओं से भी जोड़ा। मुख्यमंत्री ने जल स्रोतों के समीप तीर्थ स्थलों पर लगने वाले मेले एवं पुरातात्विक सम्पदाओं पर वृहद साफ-सफाई, सजावट तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम, भजन एवं लोक रुचि के कार्यक्रम के भी निर्देश दिये।

इस अभियान में प्रदेश की सभी नदियों, जल संरचनाओं और पारंपरिक जलस्रोतों की सैटेलाइट मैपिंग करवा कर प्राचीन वांग्मय, परंपरा, लोक आख्यान के संदर्भों के साथ सर्वे किया गया। अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि स्थानीय जल स्रोत संबंधी स्थानीय लोक साहित्य और कहानियों का संग्रह करने के लिये भी संगोष्ठियां की गई।

पांच जून से आरंभ हुये इस अभियान की सफलता के लिये अलग-अलग आयोजन की तिथियां निर्धारित की गई थीं। पूरे मध्यप्रदेश में उन्हीं के अनुरूप कार्यक्रम आयोजित हुये। जन जागरण के उद्देश्य से 6 जून को प्रत्येक नगरीय निकाय में जल सम्मेलन हुये। 8 जून को जन भागीदारी से श्रमदान कर जल संरचनाओं की साफ सफाई की गई। 9 जून को दो प्रकार के कार्यक्रम हुये। एक तो जल संरचनाओं के समीप कलश यात्रा का आयोजन किया गया और दूसरा 9 जून को ही स्थानीय शिक्षण संस्थानों में छात्र छात्राओं के बीच जल संरक्षण विषय पर निबंध, चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किये गये। जिसमें स्थानीय छात्र-छात्राएं सहभागिता करेंगे। इसके बाद 16 जून तक जल स्रोतों और जल संचरनाओं के जीर्णोद्धार और साफ-सफाई का कार्य चला। अंतिम दो दिन सभी प्रमुख जल स्रोतों के किनारे सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अंतर्गत आरती, भजन आदि के कार्यक्रम हुये। यह भी निर्देशित किया गया है कि जल स्रोतों के संरक्षण, जीर्णोद्धार व उन्नयन कार्यक्रम की मॉनिटरिंग प्रतिदिन की जायेगी। इस अभियान के दौरान नगरीय क्षेत्रों में निवासरत नागरिकों को रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम के उपयोग के लिए भी प्रोत्साहित किया गया तथा इच्छुक नागरिकों की सूची भी बनाई गई। 16 जून को इस विशेष अभियान के समापन के दौरान सभी स्थानों पर स्थानीय शैली में सांस्कृतिक कार्यक्रम हुये। सभी स्थानों पर जल संरक्षण, संवर्धन, पुनरुद्धार और साफ-सफाई अभियान सतत चलाने का संकल्प व्यक्त किया गया। प्रदेश भर में सभी ग्रामों पंचायतों, जनपद, नगरीय निकाय एवं जिलों के मुख्यालयों में जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में यह संकल्प जनसामान्य द्वारा लिया गया। मुख्य समापन कार्यक्रम उज्जैन में क्षिप्रा नदी के तट पर गरिमामयी सांगीतिक प्रस्तुति के साथ हुआ।

इस अभियान अवधि में जन भागीदारी से 5 करोड़ 50 लाख पौधे रोपने का लक्ष्य रखा गया था। हरियाली अमावस्या तक पौधरोपण का यह अभियान सघन रूप से चलाया जायेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इस पूरे अभियान में प्रतिदिन कहीं न कहीं सहभागी बने। वे भोपाल के समीप बेतवा नदी के उद्गम पर भी गये और इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, रीवा भी गये। कहीं कहीं ऑनलाइन सम्मिलित हुये। भोपाल में छोटे तालाब की साफ-सफाई कार्यक्रम में भी शामिल हुये।

सोलह जून को अभियान के समापन में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेशवासियों को गंगा दशहरा पर्व की शुभकामनाएं दीं और अभियान की सफलता पर पूरे प्रदेश वासियों को बधाई भी दी। उन्होंने घोषणा की कि जल स्रोतों के संवर्धन के साथ प्रदेश के विभिन्न नगरों में वॉटर स्पोर्ट्स को प्रोत्साहित किया जायेगा। वाटर स्पोर्ट्स आरंभ करने के पीछे डॉ. मोहन यादव ने अगले ओलंपिक में भारत के लिये पदक लाना लक्ष्य बताया।

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 5 जून से चलाये गये इस जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत नदी, कुएं, पोखर, तालाब, झरने बाबड़ियाँ आदि जल स्रोतों के संरक्षण और संवर्धन का काम हुआ। इसमें लाखों लोगों ने जन भागीदारी की। जल स्रोतों के संरक्षण के लिए 3500 करोड़ रुपये से अधिक के काम किए गये।

रमेश शर्मा

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तम्भकार हैं)

भारतीय वायु सेना/Indian Air Force

अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीरवायु भर्ती 02/2025 हेतु चयन परीक्षा के लिए अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला अभ्यर्थियों से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं.

ऑनलाइन पंजीकरण की तिथियां : 08 जुलाई 2024 से 28 जुलाई 2024 तक

ऑनलाइन परीक्षा की तिथियां : 18 अक्टूबर 2024 से आरंभ

अग्निवीरवायु भर्ती 02/2025

चेतावनी

भारतीय वायु सेना में चयन 'निष्पक्ष और पारदर्शी' तथा केवल मैरिट पर होता है. भारतीय वायु सेना में चयन अथवा नियुक्ति के लिए किसी को भी किसी भी चरण में किसी भी प्रकार की रिश्वत का भुगतान करना अपेक्षित नहीं है. अभ्यर्थियों को भर्ती/चयन एजेंटों के रूप में बेईमान व्यक्तियों का शिकार नहीं बनाना चाहिए.

1. नई मानव संसाधन पद्धति के अनुरूप अग्निपथ स्कीम के तहत अग्निवीरवायु भर्ती करने का उद्देश्य, देश के युवाओं को चार वर्ष की अवधि के लिए सैन्य जीवन का अनुभव कराने का अवसर प्रदान करना है, **भारतीय वायु सेना अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला अभ्यर्थियों से अग्निवीरवायु के तौर पर भारतीय वायु सेना में शामिल होने के लिए 18 अक्टूबर 2024 से चयन परीक्षा हेतु ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित करती है.**

   (यह चयन परीक्षा कमीशंड अधिकारियों/पायलटों/नेविगेटर्स/वायुसैनिक के तौर पर चयन हेतु नहीं है)

2. आवेदन-पत्र अभ्यर्थियों द्वारा केवल ऑनलाइन भरा जाना अपेक्षित है और इसे भरने के लिए विस्तृत अनुदेश **https://agnipathvayu.cdac.in** पर उपलब्ध हैं

3. यह परीक्षा **अग्निवीर नियुक्ति 02/2025** के लिए वैध है.

4. **ऑनलाइन पंजीकरण 08 जुलाई 2024 को 1100 बजे आरंभ होगा और 28 जुलाई 2024 को 2300 बजे बंद होगा. केवल ऑनलाइन पंजीकृत आवेदन-पत्रों को स्वीकार किया जाएगा. पंजीकरण के लिए लॉग ऑन करें:https://agnipathvayu.cdac.in.**

टिप्पणी:- अभ्यर्थियों को शीघ्रातिशीघ्र पंजीकरण करने की सलाह दी जाती है क्योंकि पंजीकरण तिथियां बढ़ाने पर विचार नहीं किया जाएगा.

पात्रता मानदंड :

5. **आयु :**

(क) जन्म तिथि ब्लॉक. 03 जुलाई 2004 और 03 जनवरी 2008 के मध्य (दोनों तिथियां शामिल) जन्में व्यक्ति आवेदन करने के पात्र हैं.

(ख) यदि, कोई अभ्यर्थी चयन प्रक्रिया के सभी चरणों को उत्तीर्ण कर लेता है, तो **एनरॉलमेंट की तिथि को ऊपरी आयु सीमा 21 वर्ष होनी चाहिए.**

6. **वैवाहिक स्थिति और गर्भावस्था :** भारतीय वायुसेना में अग्निवीरवायु के तौर पर नामांकन के लिए केवल अविवाहित भारतीय पुरुष और महिला उम्मीदवार पात्र हैं और चार वर्षों की परिभाषित अवधि के दौरान विवाह नहीं करने का वचनपत्र देना होगा. नियुक्ति की अवधि में प्रशिक्षण, कौशल विकास गतिविधियों, व्यावहारिक एवं फार्मेटिव असेसमेंट तथा संगठन में सेवा की निरंतर आवश्यकताओं सहित अग्निवीरवायु की नियुक्ति की सीमित अवधि को ध्यान में रखते हुए, नियुक्ति की अवधि के दौरान अग्निवीरवायु की लंबी अनुपस्थिति का भारतीय वायु सेना की प्रचालन कार्यकुशलता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा. उक्त अवधि के दौरान विवाह करने वाले अग्निवीरवायु को सेवा से हटा दिया जायेगा.इसके अलावा, केवल अविवाहित अग्निवीरवायु ही वायुसैनिक के तौर पर नियमित संवर्ग में चयन के लिए पात्र होंगे. महिला अभ्यर्थियों के लिए अतिरिक्त तौर पर अपेक्षित होगा कि वे चार वर्षों की नियुक्ति की अवधि के दौरान गर्भधारण नहीं करें. ऐसी महिला अग्निवीरवायु को गर्भधारण किये जाने से अल्प चिकित्सा श्रेणी (एलएमसी) होने से सेवा से मुक्त किया जा सकता है। गर्भावस्था से महिला अग्निवीरवायु का नियमित संवर्ग में चयन प्रतिबंधित होगा. नामांकन के समय अभ्यर्थियों के लिए उपर्युक्त शर्तें स्वीकार किये जाने के संबंध में स्वैच्छिक घोषणा पर हस्ताक्षर करना अपेक्षित होगा.

7. **शैक्षणिक अर्हता :**

(a) विज्ञान विषय :

उम्मीदवार ने केंद्र, राज्य और संघ शासित प्रदेश से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से कुल मिलाकर न्यूनतम 50 **प्रतिशत अंकों और अंग्रेज़ी में 50 प्रतिशत अंकों के साथ, गणित, भौतिकी और अंग्रेज़ी विषयों के साथ, इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा** उत्तीर्ण की होनी चाहिए.

अथवा

केंद्र, राज्य और संघ शासित प्रदेश से मान्यताप्राप्त बहु तकनीकी संस्थान से **इंजीनियरिंग** (मैकेनिकल/इलेक्ट्रिकल/इलेक्ट्रॉनिक्स/ऑटोमोबाइल/कम्प्यूटर विज्ञान/इंस्ट्रूमेंटेशन टेक्नोलॉजी/सूचना प्रौद्योगिकी) में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम उत्तीर्ण, साथ में डिप्लोमा पाठ्यक्रम में **कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक** (अथवा इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, **यदि डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अंग्रेजी एक विषय नहीं है) होने चाहिए.**

अथवा

केंद्र, राज्य और संघ शासित प्रदेश से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से **गैर-व्यावसायिक विषय जैसे कि भौतिकी और गणित के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम,** साथ में व्यावसायिक पाठ्यक्रम में **कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंक और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंक (अथवा इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन में, यदि डिप्लोमा पाठ्यक्रम में अंग्रेजी एक विषय नहीं है) होने चाहिए.**

(b) विज्ञान विषयों के अलावा :

केंद्र, राज्य और संघ शासित प्रदेश से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से **कुल मिलाकर 50 प्रतिशत अंकों और अंग्रेजी में 50 प्रतिशत अंकों** के साथ किसी भी विषय में इंटरमीडिएट/10+2/समकक्ष परीक्षा.

अथवा

केंद्र, राज्य और संघ शासित प्रदेश से मान्यताप्राप्त शिक्षा बोर्डों से कुल मिलाकर **50 प्रतिशत अंकों** और व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी में **50 प्रतिशत अंकों** के साथ (अथवा **इंटरमीडिएट/मैट्रिकुलेशन** में, यदि व्यावसायिक पाठ्यक्रम में अंग्रेजी एक विषय नहीं है) दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण.

टिप्पणी -1: विज्ञान विषयों की परीक्षा के लिए पात्र उम्मीदवार (इंटरमीडिएट/10+2/इंजीनियरिंग में तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम अथवा भौतिकी और गणित के गैर-व्यावसायिक विषयों के साथ दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम सहित) विज्ञान विषयों के अलावा भी पात्र हैं और उन्हें ऑनलाइन पंजीकरण फार्म भरते समय एक ही बैठक में विज्ञान विषयों और विज्ञान विषयों से अलग विषयों की परीक्षा दोनों में उपस्थित होने का विकल्प प्रदान किया जाएगा.

टिप्पणी-2 : अद्यतन तिथि को केवल केंद्र, राज्य और संघ शासित प्रदेश से मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डों पर ही विचार किया जायेगा.

टिप्पणी-3 : 10+2/इंटरमीडिएट/समकक्ष परीक्षा/तीन वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम/दो वर्षीय व्यावसायिक पाठ्यक्रम की अंक पत्र में यथा लिखित दशमलव से पूर्व अंकों की कुल वास्तविक प्रतिशतता अथवा संबंधित शिक्षा बोर्ड/बहुतकनीकी संस्थान के नियमों के अनुरूप गणना पर ही विचार किया जाएगा (उदाहरण के लिए 49.99 प्रतिशत को 49 प्रतिशत के रूप में लिया जाना चाहिए और इसे 50 प्रतिशत तक पूर्णांक नहीं किया जाना चाहिए).

8. **अनिवार्य चिकित्सा मानदंड : अग्निवीरवायु पुरुष और महिला अभ्यर्थियों के लिए सामान्य चिकित्सा मानदंड निम्नानुसार हैं:-**

(i) कद : पुरुष अभ्यर्थियों के लिए: न्यूनतम स्वीकार्य कद 152.5 सें.मी.

(ii) महिला अभ्यर्थियों के लिए: न्यूनतम स्वीकार्य कद 152 सें.मी. है. पूर्वोत्तर अथवा उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों से संबंधित अभ्यर्थियों के लिए निचली न्यूनतम ऊंचाई 147 सें.मी. स्वीकार्य होगी. लक्षद्वीप से अभ्यर्थियों के मामले में न्यूनतम ऊंचाई 150 सें.मी. होगी.

टिप्पणी: पूर्वोत्तर/उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों/लक्षद्वीप का अधिवासी होने के लिए कद में छूट चालने वाले अभ्यर्थियों को **चरण-II** परीक्षा के समय अधिवास दर्जे के पृष्ठांकन के साथ अधिवास का प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा. **इसके अतिरिक्त उत्तराखंड के पर्वतीय क्षेत्रों से अभ्यर्थियों के अधिवास प्रमाण-पत्र में पर्वतीय क्षेत्र का विनिर्दिष्ट पृष्ठांकन अवश्य होना चाहिए.**

(ख) भार : कद और आयु के समानुपातिक

(ग) सीना :

(i) पुरुष उम्मीदवारों के लिए: चेस्ट वॉल अच्छी समानुपातिक और सुविकसित होनी चाहिए. न्यूनतम सीना घेरा 77 सें.मी. और सीना विस्तार कम से कम 05 सें.मी. होना चाहिए.

(ii) महिला उम्मीदवारों के लिए: चेस्ट वॉल अच्छी समानुपातिक और सुविकसित होनी चाहिए साथ में न्यूनतम विस्तार रेंज 5 सें.मी. होनी चाहिए.

(घ) हियरिंग : उम्मीदवार की सुनने की शक्ति सामान्य होनी चाहिए अर्थात वह प्रत्येक कान से अलग-अलग 6 मीटर की दूरी से फोर्सड कानाफूसी सुनने में सक्षम होने चाहिए.

(ङ) डेंटल : स्वस्थ मसूड़े, दांत का अच्छा सेट और न्यूनतम 14 डेंटल प्वाइंटस होने चाहिए.

(च) दृष्टि मानक

विजुअल एक्युइटी	रिफ्रेक्टिव त्रुटि की अधिकतम सीमाएं	रंग दृष्टि
6/12 प्रत्येक आंख, प्रत्येक आंख में 6/6 सुधार योग्य	हाइपरमेट्रोपिया : +2.0डी मायोपिया : 1डी ±0.50 डी आस्तिगमाटिज्म सहित	सीपी-II

(छ) कोरनियल सर्जरी (पीआरके/लेसिक) स्वीकार्य नहीं है.

टिप्पणी : उम्मीदवारों को चिकित्सक की पर्ची और सुधारीकृत विजन के लिए, यदि प्रयोग किया जाता है, चश्मा लेकर आना चाहिए. नवीनतम पर्ची में डायोप्टर मीजरमेंट, नेत्र विशेषज्ञ के हस्ताक्षर, मुहर और पंजीकरण संख्या का उल्लेख अवश्य होना चाहिए तथा पर्ची चिकित्सा जांच के लिए उपस्थिति होने के लिए एक माह से अधिक पुरानी नहीं होनी चाहिए.

(ज) सामान्य स्वास्थ्य : उम्मीदवार वायु सेना के लिए फिट होना चाहिए, चिकित्सा मानदंडों की पुष्टि करता हो और बगैर किसी उपंग हानि के सामान्य शरीर रचना का होना चाहिए. वह किसी भी सक्रिय गुप्त, गंभीर या पुरानी, चिकित्सा या शल्य अक्षमता या संचारी रोग, संक्रमण और त्वचा रोगों से मुक्त होना चाहिए. उम्मीदवार दुनिया के किसी भी हिस्से में, किसी भी जलवायु और इलाके में ड्यूटी करने के लिए शारीरिक और मानसिक रूप से फिट होना चाहिए.

(झ) स्त्री रोग जांच (महिला उम्मीदवारों के लिए) : परीक्षण में बाह्य जननांग, हर्निया के छिद्र और पेरिनेम, कठिन मूत्र असंयम या अंतर्गर्भाशयी जननांग के आगे बढ़ाव का कोई भी सबूत शामिल है.

(ट) लिंग : किसी भी उम्मीदवार को यदि बाहरी शारीरिक परीक्षा में स्पष्ट रूप से विपरीत लिंग के प्रमुख लक्षण पाए जाते हैं, तो उन्हें अनफिट के रूप में नामंजूर कर दिया जाएगा. लिंग पुनर्मूल्यांकन सर्जरी कराने वाले किसी भी उमीदवार को अनफिट घोषित कर दिया जाएगा.

(ठ) गर्भावस्था (महिला उम्मीदवारों के लिए) : यदि कोई उम्मीदवार गर्भवती पाई जाती है तो उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और उसकी उम्मीदवारी खारिज कर दी जाएगी.

(ड) चिकित्सा मानदंडों के विवरण सीएएसबी वेब पोर्टल https://agnipathvayu.cdac.in पर उपलब्ध हैं.

9. **नार्कोटिक ड्रग्स और साइकोटोपक पदार्थ (एनडीपीएस) का सेवन.** एनडीपीएस अधिनियम 1985 के अधीन प्रतिबंधित नार्कोटिक ड्रग्स और साइकोट्रोपिक पदार्थों का सेवन आईएएफ में चयन के लिए अस्वीकृत मानदंड होगा और नामांकन के उपरांत किसी अग्निवीरवायु को ऐसी दवाइयां और पदार्थ रखने अथवा भण्डारण या वितरण या सेवन करते पाए जाने से आईएएफ से बर्खास्तगी सहित अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है. **आईएएफ में अल्कोहोलिज्म और मादक पदार्थ के प्रति जीरो टोलरेंस की नीति का पालन किया जाता है.**

10. **शारीरिक टैटू :** स्थाई शारीरिक टैटू की अनुमति नहीं है, परंतु केवल भुजाओं के आंतरिक फेस (कलाई से कुहनी तक), हाथ के पीछे के हिस्से (डोर्सल)/हथेली के उलटी तरफ और जनजातीय टैटू जो कि उनकी जनजातियों के रीति रिवाजों के अनुसार हैं, पर विचार किया जा सकता है. आपत्तिजनक, अशिष्ट, अश्लील, लैंगिकवादी अथवा जातिवादी टैटू निषेध हैं भले ही वे शरीर के किसी भी भाग में क्यों न हों. हालांकि किसी टैटू की स्वीकार्यता/अस्वीकार्यता पर निर्णय का अधिकार चयन केंद्र के पास होगा. **स्थाई शारीरिक टैटू वाले उम्मीदवारों को चयन परीक्षा के दूसरे चरण के दौरान टैटू के आकार और प्रकृति के विवरण के साथ दो फोटोग्राफ (क्लोजअप और दूरस्थ व्यू) प्रस्तुत करने होंगे.**

सावधान : छद्मरूपण करने वालों पर मुकदमा चलाया जायेगा।

(शेष अगले पृष्ठ पर)

(पिछले पृष्ठ का शेष)

11. **केवल सिख उम्मीदवार,** जिनके धर्म में बाल कटवाना अथवा चेहरे पर शेविंग निषेध है, को ही बाल बढ़ाने और/अथवा दाड़ी मूंछ रखने की अनुमति होगी. तदनुसार निर्धारित विशिष्टता के अनुरूप इन्हे बनाए रखने के इच्छुक ऐसे इच्छुक सिख उम्मीदवारों को दाड़ी और मूंछ के साथ अपना फोटोग्राफ लेना होगा.

शर्तें एवं निबंधन :

12. **अग्निवीरवायु** भारतीय वायु सेना में वायु सेना अधिनियम 1950 के अधीन चार वर्ष की अवधि के लिए एनरॉल किए जाएंगे. अग्निवीरवायु का भारतीय वायु सेना में किसी अन्य वर्तमान रैंकों से भिन्न अलग रैंक होगा. भारतीय वायु सेना चार वर्ष की अवधि से अधिक अग्निवीरवायु को बनाए रखने के लिए बाध्य नहीं है.

13. चार वर्षों की सेवा पूरी होने पर, संगठन की आवश्यकताओं और भारतीय वायु सेना द्वारा अधिनियमित नीतियों के आधार पर, अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना में वायुसैनिक के तौर पर एनरॉलमेंट के लिए आवेदन करने का अवसर प्रदान किया जाएगा. इन आवेदनों पर उनकी चार वर्षीय कार्य अवधि के दौरान कार्यनिष्पादन सहित, विषयागत मानदंड के आधार पर केंद्रीयकृत पद्धति में विचार किया जाएगा और अग्निवीरवायु के प्रत्येक विनिर्दिष्ट बैच का 25 प्रतिशत तक भारतीय वायु सेना के नियमित संवर्ग में एनरॉल किया जाएगा. **अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना में आगे एनरॉलमेंट के लिए चयनित होने का कोई अधिकार नहीं होगा. आगे एनरॉलमेंट के लिए अग्निवीरवायु का चयन भारत सरकार के विवेकानुसार होगा.**

14. **नियोजनीयता :** इस एंट्री के तहत एनरॉल किए गए अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना के विवेकानुसार संगठन के हित में कोई भी ड्यूटी सौंपी जा सकती है.

15. **प्रशिक्षण :** एनरॉल होने पर, अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना की आवश्यकताओं पर आधारित सैन्य प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा.

16. **अवकाश :** अवकाश की स्वीकृति भारतीय वायु सेना की अत्यावश्यकताओं के विषयाधीन होगी. अग्निवीरवायु को उनकी नियुक्ति के दौरान निम्नलिखित अवकाश लागू है :-

(क) वार्षिक अवकाश : प्रति वर्ष 30 दिन.

(b) बीमारी के लिए छुट्टी : सक्षम चिकित्सा प्राधिकारी के चकित्सा परामर्श के आधार पर.

17. **मेडिकल और सीएसडी सुविधाएं :** भारतीय वायु सेना में उनकी नियुक्ति की अवधि के दौरान, अग्निवीरवायु सेवा अस्पतालों में चिकित्सा सुविधाओं और सीएसडी प्रावधानों के लिए हकदार होंगे.

18. **वेतन, भत्ते और संबद्ध लाभ :** इस योजना के अधीन एनरॉल किए गए अग्निवीरवायु को नियत वार्षिक वेतनवृद्धि के साथ प्रति माह रु. 30,000/- के अग्निवीर पैकेज का भुगतान किया जाएगा. इसके अलावा, जोखिम और कठिनाई भत्ते (भारतीय वायु सेना में यथा लागू), लागू नियमानुसार राशन, वर्दी, आवास और अवकाश यात्रा रियायत (एलटीसी) की सुविधा भी प्रदान की जायेगी.

19. **टर्मिनल लाभ-सेवानिधि पैकेज :** अग्निवीरवायु को नीचे किए गए उल्लेख के अनुसार उनकी नियुक्ति की अवधि पूरी होने पर वन टाइम **'सेवानिधि'** पैकेज प्रदान किया जाएगा जिसमें उनका मासिक अंशदान, साथ में सरकार द्वारा मैचिंग अंशदान शामिल होगा :-

वर्ष	कस्टमाइज्ड पैकेज (मासिक)	हाथ में आने वाली राशि (70%)	अग्निवीर कॉर्पस कोष में अंशदान (30%)	कॉर्पस कोष में भारत सरकार का योगदान
सभी आंकड़े रु. में (मासिक अंशदान) (अनुमानित)				
1 वर्ष	30,000/-	21,000/-	9,000/-	9,000/-
2 वर्ष	33,000/-	23,100/-	9,900/-	9,900/-
3 वर्ष	36,500/-	25,550/-	10,950/-	10,950/-
4 वर्ष	40,000/-	28,000/-	12,000/-	12,000/-
सभी आंकड़े रु. में (मासिक अंशदान) (अनुमानित)				
अग्निवीर कॉर्पस कोष में चार वर्ष के उपरांत कुल अंशदान		रु. 5.02 लाख		रु. 5.02 लाख
4 वर्ष पश्चात एग्जिट		सेवानिधि पैकेज के तौर पर लगभग रु. 10.04 लाख (ब्याज को छोड़कर पूर्ण राशि)		

टिप्पणी 1 : अग्निवीरवायु के लिए भारतीय वायु सेना की किसी भविष्य निधि में अंशदान करना अपेक्षित नहीं होगा.

टिप्पणी : ग्रेच्युटि और किसी तरह के पेंशन लाभों के लिए कोई पात्रता नहीं होगी.

20. **बीमा, मृत्यु और अशक्तता प्रतिपूर्ति :** अग्निवीरवायु को भारतीय वायु सेना में अग्निवीरवायु के तौर पर उनकी नियुक्ति की अवधि के दौरान 48 लाख रु. का गैर अंशदायी जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाएगा. अग्निवीरवायु भारतीय वायु सेना के लिए लागू पेन्शन विनियमों/नियमों में शामिल प्रावधानों से शासित नहीं होंगे. मृत्यु/अशक्तता प्रतिपूर्ति के विवरणों के लिए लॉग ऑन करें: **https://agnipathvayu.cdac.in**.

21. **अग्निवीर कौशल प्रमाण-पत्र :** विनियोजन की अवधि के अंत में, अग्निवीरवायु को उनकी नियुक्ति की अवधि के दौरान कार्मिक द्वारा अर्जित कौशलों और सक्षमता के स्तर पर प्रकाश डालते हुए एक विस्तृत कौशल-सेट प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा.

मध्यप्रदेश पुलिस हाऊसिंग एण्ड इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड, संभाग उज्जैन के अंतर्गत निविदा क्रमांक 04/2024-25 दिनांक 19.06.2024 के अंतर्गत 24वीं वाहिनी, वि.स.बल, जावरा जिला रतलाम के ग्राम बजली रतलाम में निर्मित आवास गृहों में बाहरी पुताई एवं मरम्मत कार्य, पुलिस लाइन देवास में एच टाइप आवास गृह में मरम्मत कार्य, पुलिस लाइन देवास में सामुदायिक भवन में मरम्मत/निर्माण कार्य, जोनल कार्यालय सी.आई.डी. उज्जैन में मरम्मत एवं निर्माण कार्य एवं महानंदा नगर खेल परिसर उज्जैन में पुताई एवं मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन निविदा आईडी क्र. 2024_MPPHC_351816, 2024_MPPHC_351817, 2024_MPPHC_351818, 2024_MPPHC_351819, 2024_MPPHC_351820 आमंत्रित की गई है।

निविदा प्रपत्र ऑनलाइन **दिनांक 04.07.2024 17.00 बजे तक** प्रस्तुत किये जा सकते हैं। विस्तृत निविदा सूचना एवं अन्य विवरण **Portal: https://www.mptenders.gov.in** पर देखे जा सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/114947/2024 **परियोजना यंत्री**

R-49731/2024

मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल
फोन : 0755-2464428, 2466191, फैक्स : 0755-2463742, E-mail : it.mppcb@rediffmail.com

विज्ञापन

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक एफ-7-19/2019/आ.प्र./एक भोपाल दिनांक 31.05.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष अभियान के तहत दिव्यांगजनों के निम्न पदों की पूर्ति वॉक-इन-इंटरव्यू के माध्यम से की जाना है। निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थी **दिनांक 3 जुलाई 2024 को सायंकाल 5.00 बजे तक सदस्य सचिव, म.प्र. प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल** को आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा स्वयं जमा कर सकते हैं, उक्त अवधि पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन स्वीकार योग्य नहीं होंगे :-

क्र.	पदनाम	दिव्यांगजनों की भर्ती हेतु पद संख्या				वेतनमान	शैक्षणिक योग्यता
		दृष्टि बाधित और कम दृष्टि (VH)	बहरे और कम सुनने वाले (EH)	लोकोमोटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है, सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, बौनापन, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी (LD)	ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, स्पेसिफिक लर्निंग डिसेबिलिटी, मानसिक बीमारी और बहु विकलांगता (MD)		
1.	शीघ्रलेखक ग्रेड-3	-	-	1	-	36200-114800 (लेवल-9)	माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश से हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण तथा यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय/मुक्त विश्वविद्यालय/डीओईएसीसी से डिप्लोमा/शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स/शासकीय आईटीआई द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग प्रमाण-पत्र। 30 शब्द प्रति मिनिट की गति से सीपीसीटी द्वारा प्रदाय कम्प्यूटर टायपिंग दक्षता प्रमाण-पत्र तथा मान्यता प्राप्त संस्थाओं/परिषद से 100 शब्द प्रति मिनिट गति से शॉर्टहैण्ड उत्तीर्ण होने का प्रमाण-पत्र।
2.	निम्न श्रेणी लिपिक	1	1	-	-	19500-62000 (लेवल-4)	माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश से हायर सेकेण्ड्री परीक्षा उत्तीर्ण तथा यूजीसी द्वारा मान्यता प्राप्त विश्व-विद्यालय/मुक्त विश्वविद्यालय/डीओईएसीसी से डिप्लोमा/शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स/शासकीय आईटीआई द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट प्रमाण-पत्र। 30 शब्द प्रति मिनिट की गति से सीपीसीटी द्वारा प्रदाय कम्प्यूटर टायपिंग दक्षता प्रमाण-पत्र।
3.	प्रयोगशाला परिचारक	-	-	1	-	18000-56900 (लेवल-3)	मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मण्डल से विज्ञान विषय के साथ हायर सेकेण्ड्री 10+2
4.	चपरासी/ चौकीदार	1	1	1	-	15500-49000 (लेवल-1)	कक्षा 8वीं पास।

अन्य शर्तें :-

1. आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक अर्हता संबंधी प्रमाण पत्र एवं अन्य सभी दस्तावेजों के स्व-प्रमाणित छायाप्रतियां तथा पासपोर्ट साइज के स्व-प्रमाणित दो फोटोग्राफ।
2. मध्यप्रदेश का मूल/स्थायी निवासी होने का प्रमाण पत्र।
3. आयु सीमा - 18 से 45 वर्ष (सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 04 जुलाई 2019 अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 05 वर्ष की छूट समाहित है) आयु सीमा की गणना दिनांक 01.01.2024 के आधार पर की जायेगी।
4. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित सक्षम प्राधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र की सत्य प्रतिलिपि अनिवार्य रूप से संलग्न करना होगा।
5. शासन द्वारा जिला स्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा प्रदत्त विकलांग होने का प्रमाण पत्र।
6. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र।
7. विवाह के लिये नियत की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह करने वाले आवेदक नियुक्ति के लिए पात्र नही होंगे। जिस आवेदक की दिनांक 26.01.2001 या इसके बाद शासन निर्देश से अधिक संतान वाले आवेदक आवेदन के लिये पात्र नहीं होंगे।
8. अपूर्ण/त्रुटिपूर्ण भरे हुये आवेदन पत्रों को निरस्त किया जायेगा।
9. आवेदक द्वारा असत्य/भ्रामक/मिथ्या जानकारी अथवा दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने अथवा किसी भी कारण से नियम विरुद्ध नियुक्ति हो जाने पर, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी द्वारा किसी भी समय नियुक्ति निरस्त की जा सकेगी।
10. नियुक्ति सम्बंधी समस्त अधिकार सदस्य सचिव, मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, भोपाल के पास सुरक्षित रहेंगे।

नोट :- आवेदन संबंधी जानकारी विभागीय वेबसाइट **https://www.mppcb.mp.gov.in/NoticeBoard.aspx** से डाउनलोड की जा सकती है। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालयीन समय में बोर्ड से प्राप्त किया जा सकता है। चयन सूचना आवेदकों को उनके आवेदन में उल्लेखित पते पर डाक द्वारा, ई-मेल अथवा व्हाट्सएप के माध्यम से दी जायेगी। भर्ती प्रक्रिया के संबंध में शर्तें/नियमों में यदि कोई परिवर्तन किया जाता है, तो उसकी सूचना विभाग की वेबसाइट पर अपलोड की जायेगी। किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायालय क्षेत्राधिकार, जिला भोपाल रहेगा। **वाक-इन-इंटरव्यू दिनांक 09.07.2024 को कार्यालयीन समय में किया जाना निर्धारित किया गया है।**

डायरेक्टर पर्यावरण (प्रशासन)

आवेदन का प्रारूप

प्रति,
सदस्य सचिव,
मध्यप्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
पर्यावरण परिसर, ई-5, अरेरा कॉलोनी, भोपाल। (म.प्र.)-462016

नवीनतम रंगीन फोटो

1. आवेदित पद का नाम : .....
2. आवेदक/आवेदिका का पूरा नाम : .....
3. आवेदक/आवेदिका के पिता का नाम : .....
4. 1/1/2024 को जन्म तिथि (10+2 के प्रमाण-पत्र के आधार पर) : वर्ष ..... माह ..... दिन .....
5. जाति : .....
6. यदि आवेदक विवाहित हो तो विवाह के प्रमाण-पत्र के अनुसार दिनांक .....
7. जीवित बच्चों का विवरण : .....
8. वर्तमान डाक का पता : .....
9. स्थाई पता : .....
10. दिनांक ..... को आयु : वर्ष ..... माह ..... दिन .....
11. रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन क्रमांक एवं रोजगार कार्यालय का नाम : .....
12. शैक्षणिक योग्यता (कम्प्यूटर डिप्लोमा एवं हिन्दी से सी.पी.सी.टी. स्कोर कार्ड की जानकारी सहित)

क्र.	परीक्षा का नाम	संस्था/बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम	विषय	प्राप्तांक	श्रेणी

13. अतिरिक्त विशेष योग्यता/अनुभव यदि हो तो : .....
14. उपरोक्त विवरण के संबंध में सभी प्रमाण पत्र की छायाप्रतियां अभिप्रमाणित कर प्रस्तुत करें।

सहपत्र:- प्रमाण पत्रों की सत्यापित प्रति।

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता

घोषणा-पत्र

मैं घोषणा करता हूं/करती हूं कि उपरोक्त सभी जानकारी जो मेरे द्वारा दी गई है। वह मेरे विवेक एवं ज्ञान से पूर्णत: सत्य है। जानकारी असत्य पाई जाने पर मेरा आवेदन निरस्त माना जावेगा।

म.प्र. माध्यम/115013/2024 R-49744/2024

आवेदक के हस्ताक्षर एवं पूरा पता

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)
(GST No. 23AATM9054A3ZX)

NOTICE INVITING TENDER NO. 297/MTN/2024

No./7388/22/D-12/NIT-Maint./2024 Bhopal, Dtd. : 18.06.2024

Online Tenders for the following works are invited on the E-Procurement System portal **https://mptenders.gov.in** as detailed below :-

- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority effective from 01.01.2024 and amendments upto issue date of NIT.

1. Table No. 1 :- Name of Work – Repair/Maintenance Of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 5 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Ashoknagar	7	136052378.00
2	Betul	2	27126526.00
3	Bhind	1	22904368.00
4	Bhopal	1	12357816.00
5	Datia	1	47231217.00
6	Dewas	1	4023041.00
7	Dhar	3	18378468.00
8	Guna	1	9687883.00
9	Gwalior	2	44917244.00
10	Harda	2	3491197.00
11	Morena	1	6123660.00
12	Narmadapuram	2	37665190.00
13	Raisen	4	22503910.00
14	Rajgarh	5	99288458.00
15	Rewa	3	33261423.00
16	Sagar	4	80577828.00
17	Satna	4	57883080.00
18	Sehore	3	35599508.00
19	Shajapur	1	16293428.00
20	Ujjain	1	9879292.00
21	Umaria	1	31785642.00

2. Table No. 2 :- Name of Work–Repair/Maintenance Of The Rural Roads For Five Years Constructed Under Pradhan Mantri Gram Sadak Yojna. (Post 10 Year)

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (in Rs.)
1	Betul	1	4162937.00
2	Datia	1	7574490.00
3	Rajgarh	2	24116024.00
4	Rewa	1	2532801.00
5	Satna	1	10507668.00
6	Ujjain	1	3576081.00

1. Tender document can be purchased only online from the above website from **24.06.2024 from 17:30 hrs.**
2. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and tender document on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/114943/2024 **(TENDER)**

R-49730/2024

MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(AN AGENCY OF PANCHAYAT & RURAL DEVELOPMENT DEPARTMENT, GOVT. OF M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.)

NOTICE INVITING TENDER No. 1188 (PMGSY-Bridge-BW)

No./7382/22/D-12/MPRRDA/2024 Bhopal, Dated : 18.06.2024

Online Tenders for Construction of Bridges with 5 years defect liability & maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.mptenders.gov.in** as detailed below;

- **Name of Work –** Construction of Bridges under PMGSY including maintenance for Five year after construction

S. No.	Name of District	No. of Packages	Total PAC (In Rs.)
1.	Katni	1	9767579.00

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission:** The bid document is available online and should be submitted online in **https://www.mptenders.gov.in.** The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchased online from **19.06.2024 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **05.07.2024 (17:00 hrs.).**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

CHIEF GENERAL MANAGER
M.P. Madhyam/114934/2024 **(Tender)**

R-49727/2024

मध्यप्रदेश लोक और शास्त्रीय कलाओं का समृद्ध कोष - राज्यपाल

भोपाल, मध्यप्रदेश कला-संस्कृति से समृद्ध प्रदेश है। भोपाल कला संस्कृति और गंगा-जमुनी तहज़ीब की नगरी है। यहां लोक कलाओं से लेकर शास्त्रीय कलाओं का बहुत ही समृद्ध कोष है। कलांजलि महाकला उत्सव जैसे आयोजन कला अभिव्यक्ति के साथ समाज और संस्कृति के रचनात्मक और सृजनात्मक पक्ष को प्रतिबिम्बित करने का अवसर देते हैं। यह बात राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने रवीन्द्र भवन में आयोजित कलांजलि महाकला उत्सव कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर कही। उन्होंने कार्यक्रम में भोपाल शहर के विद्वान कलाकारों को सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रख्यात भरतनाट्यम गुरु पद्मश्री श्री मनु मास्टर और ध्रुपद गायक पद्मश्री श्री उमाकांत गुन्देचा मौजूद थे। राज्यपाल ने कहा कि कलाएं हमारे अंदर के उत्कृष्ट गुणों से हमारा साक्षात्कार कराती हैं। जीव-जगत-प्रकृति और मातृभूमि के प्रति प्रेम एवं कर्तव्य का भाव जगाती हैं। हम सभी को आत्मिक आनंद प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि भौतिकवादी और डिजिटल दुनिया में शास्त्रीय नृत्य, संगीत, चित्रकला जैसी ललित कलाएं ही मन की कोमल भावनाओं के लिए ऑक्सीजन का काम करती हैं।

सांस्कृतिक विरासतों से परिचय आवश्यक

राज्यपाल ने कहा कि किसी भी राष्ट्र के उत्कर्ष में आर्थिक, राजनैतिक और सामरिक विकास के साथ सांस्कृतिक समृद्धि भी बहुत जरूरी होती है। कलाओं के परिचय, प्रदर्शन और महत्व के प्रचार-प्रसार से वर्तमान और भावी पीढ़ी देश की समृद्ध प्राचीन सांस्कृतिक विरासतों से परिचित होती है। उन्होंने युवा कलाकारों को शास्त्रीय कला के महत्व और मूल्य बोध से परिचित कराने के कलांजलि संस्था के उद्देश्य एवं नन्हीं प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराने के प्रयासों की सराहना की। श्री पटेल ने कहा कि शास्त्रीय कलाओं और कलाकारों से सजा यह कला महासंगम भारत देश की समृद्ध कला संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन की मिसाल बने। उन्होंने भोपालवासियों से अपील की है कि उत्सव में आए कलाकारों, कला के साधकों और कला चिन्तकों को समर्थन और प्रोत्साहन दें।

प्रदेश में हरियाली अमावस्या तक साढ़े पांच करोड़ पौधे रोपित करने का है लक्ष्य

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रामघाट पर आयोजित शिप्रा तीर्थ समारोह के समापन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए

उज्जैन, वर्षाकाल में हरियाली अमावस्या तक प्रदेश में कुल साढ़े 5 करोड़ पौधे रोपित किये जायेंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गंगा दशमी के दिन दो दिवसीय शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के समापन अवसर पर रामघाट पर आयोजित समारोह में कही।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि जल संरचनाओं के संरक्षण का संकल्प साकार हो रहा है। हमारा उद्देश्य है कि प्रदेश की नदियां एवं जलाशय और अन्य जल स्रोत संरक्षित होकर प्रदूषणमुक्त रहें। प्रदेश में चले जल गंगा संवर्धन अभियान में 5 जून से 16 जून तक 28 करोड़ लागत से शहरी क्षेत्र में 2700 से अधिक एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 26 करोड़ रुपये लागत से 2300 से अधिक संरचनाओं का निर्माण एवं जीर्णोद्धार हुआ है। उज्जैन के शहरी क्षेत्र की जल संरचना का भी सुधार कार्य हुआ है, जिसके बाद वह सुन्दर नजर आयेगी। प्रदेश में 212 नदियों का संरक्षण करने का संकल्प लिया गया है, जिसमें उद्गम से लेकर अन्तिम छोर तक संरक्षण का कार्य किया जायेगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में जल संरचनाओं के निकट पौधरोपण किया जायेगा। ग्वालियर के लोगों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यहां के नागरिकों ने जन-सहभागिता कर जल संरचना का उद्धार किया है। अब इस संरचना में पांच करोड़ लीटर जल संग्रहण होने की संभावना है। इसी तरह सागर के ताल के सम्बन्ध में भी उन्होंने अवगत कराया।

सिंहस्थ का विश्व में अपना स्थान

वर्ष 2028 में होने वाले सिंहस्थ के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री ने कहा कि उज्जैन का सिंहस्थ विश्व में अपना स्थान रखता है। सिंहस्थ के लिये 20 हजार करोड़ रुपये लागत से खंडवा, उज्जैन सहित अन्य नगरों में कार्य कराये जायेंगे। देवालयों से हमें आशीर्वाद और जीवन में संस्कार मिलते हैं। संकल्पों की सिद्धि भी देवालयों से प्राप्त होती है और आनन्द की अनुभूति भी होती है। देवालयों के संरक्षण और मरम्मत के कार्य लगातार जारी रहेंगे। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि इन्दौर की महारानी माता अहिल्या ने पूरे देश में देवालयों का निर्माण कराया। एक महिला शासिका होकर उन्होंने मन्दिर बनवाये। इसी तरह उन्होंने गोंडवाना राज्य की रानी दुर्गावती की वीरता के किस्से भी सुनाये।

इस अवसर पर उन्होंने बताया कि प्रदेश में पीएमश्री धार्मिक पर्यटन हेली सेवा की शुरुआत हुई है। आयुष्मान कार्डधारी एवं जिसकी उम्र 70 वर्ष से अधिक है, को भी हवाई एम्बुलेंस की सेवा निःशुल्क देने की योजना से मुख्यमंत्री ने अवगत कराया। हवाई एम्बुलेंस की सेवा सभी के लिये रहेगी। आयुष्मान कार्डधारी के अलावा अन्य इस सेवा का उपयोग शुल्क का भुगतान करके कर सकते हैं।

पी.एम. सूर्य घर योजना से समाज के सभी वर्गों को मिलेगा फायदा

भोपाल, नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग द्वारा प्रदेश में पी.एम. सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को प्रभावी तरीके से लागू करने के उद्देश्य से नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा विभाग एवं भारतीय स्टेट बैंक के हाई लेवल डेलीगेशन के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक में विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री मनु श्रीवास्तव ने बैंक अधिकारियों को योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए प्रस्तावित कार्य योजना से अवगत कराया। श्री श्रीवास्तव ने सौर ऊर्जा संबंधित परियोजनाओं के लिए समुचित वित्तीय व्यवस्था करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे यह योजना आर्थिक दृष्टि से अत्यंत लाभकारी सिद्ध हो सके। उन्होंने कहा कि बैंक से आसान ऋण की सुविधा हो जाने पर पी.एम. सूर्य घर योजना का क्रियान्वयन समाज के सभी वर्गों में सरल हो सकेगा और प्रदेश में अक्षय ऊर्जा की भागीदारी बढ़ेगी।

समर्थन मूल्य में वृद्धि के फैसले से प्रदेश के किसान होंगे लाभान्वित

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रीमंडल द्वारा खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य में वृद्धि पर हर्ष व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने किसानों के हित में लिए गए निर्णय पर प्रधानमंत्री श्री मोदी का आभार व्यक्त किया है। गौरतलब है कि केंद्र सरकार ने खरीफ फसलों का लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि का निर्णय लिया है। सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दालों के लिए की गई है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केंद्रीय आवासन, शहरी कार्य तथा ऊर्जा मंत्री श्री मनोहर लाल खट्टर से उनके आवास पर सौजन्य भेंट की

पीएमकेवाय के हितग्राही पंजीयन में मध्यप्रदेश का देश में दूसरा स्थान

भोपाल, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना (पीएमकेवाय) में केन्द्र सरकार द्वारा 18 जून को मध्यप्रदेश के किसानों के खाते में 17वीं किश्त की राशि जारी की गयी। किसानों को लाभान्वित करने में प्रदेश की जनसंख्या के मान से हितग्राही पंजीयन संख्या अनुसार मध्यप्रदेश का देश में दूसरा स्थान है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी से मध्यप्रदेश के 80 लाख से अधिक हितग्राही किसानों के खाते में एक हजार 643 करोड़ रुपये की राशि अंतरित की।

नदियों को पल्लवित करने के संकल्प से सार्थक होगा अभियान

सिवनी, 'जल गंगा संवर्धन अभियान आज भले ही समाप्त हो रहा हो, लेकिन जल संरक्षण और जल स्रोतों के जीर्णोद्धार के लिए मानस यात्रा निरंतर चलती रहेगी। नदियों के उद्गम स्थल पहुंचकर उनके संरक्षण के लिए जन समुदाय को प्रेरित करने की यह यात्रा अब रुकेगी नहीं। उद्गम नदियों की शुरुआत का प्रतीक तो है ही, हमारे जीवन का भी अविरल प्रतीक है। इस प्रतीक का संरक्षण हम सभी का प्राथमिक कर्तव्य है।' यह बात पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतिम दिवस पर सिवनी जिले में आयोजित कार्यक्रम में कही।

श्री पटेल की मानस यात्रा का कारवां सिवनी जिले के वैनगंगा, सनेर एवं शेर नदी के उद्गम स्थल पहुंचा। उन्होंने पौधारोपण तथा पूजन कर जनसंवाद किया। श्री पटेल



ने कहा कि जब प्रकृति आशीर्वाद देती है तो सुखद संयोग बनते हैं। आज गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर सपरिवार तीन नदियों के उद्गम स्थल के दर्शन किए। नदियों का बहना इसी तरह बंद होता रहा तो हमारा जीवन भी ज्यादा सुखद नहीं रहेगा। नदियों को संरक्षित और पल्लवित करने के संकल्प की गंगा बहाकर, तीन गंगा के योग में चौथा जन समुदाय को जोड़ना है। उन्होंने कहा कि नदी सिर्फ पानी के लिए नहीं है, वह हमारी संस्कृति का आधार स्तम्भ है। नदी एक जीवन शैली है, नदी सिर्फ पानी का दरिया नहीं कि पानी बह रहा है तो उसको हम नदी मान लें। नदी तो सन्देश देती है, निरंतर निस्वार्थ सेवा का, समर्पण का, समरसता का।

श्री पटेल ने कहा कि वे अगले वर्ष इसी अवधि में पुनः इन स्थलों का भ्रमण कर उनके द्वारा रोपित किए गए पौधों की स्थिति तथा जल संरक्षण के लिए किए गये प्रयासों का मूल्यांकन करेंगे। उन्होंने कहा कि सिर्फ पौधे लगाने मात्र से हमारा कर्तव्य पूरा नहीं होता बल्कि यह सुनिश्चित करना कि यह पौधे जीवित रहें और वृक्ष का आकार लें हमारी सहभागिता को दर्शाता है। उल्लेखनीय है कि यात्रा के दौरान श्री पटेल ने प्रदेश की 28 विभिन्न नदियों के उद्गम स्थलों पर पहुंचकर पूजन किया।

जीवन में बिना मेहनत और परिश्रम के सपने नहीं होते साकार - श्री गोविंद सिंह

सागर, स्कूल चलें अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव के दौरान प्रदेश के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने एक्सीलेंस स्कूल सागर में छात्र-छात्राओं को प्रवेश उत्सव की बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। श्री राजपूत ने कहा कि स्कूल चलें अभियान एक उत्सव है, जिसे सभी स्कूलों में धूमधाम से मनाया जाता है। छुट्टियों के बाद बच्चे स्कूल आते हैं, जिनका स्वागत स्कूल के शिक्षक करते हैं।

श्री राजपूत ने कहा कि शिक्षकों को छात्र-छात्राओं से मित्रवत व्यवहार करना चाहिए, इससे विद्यार्थी उन्हें अपनी सारी समस्याएं बता सकें और शिक्षक उन समस्याओं को हल कर सकें। श्री राजपूत ने छात्र-छात्राओं का आह्वान करते हुए कहा कि एक समय था कि जब बच्चे जमीन पर बैठकर पढ़ाई करते थे, लेकिन अब सारी सुविधाएं बच्चों को उपलब्ध हैं। इसलिए सभी बच्चे मेहनत करें और अपने लक्ष्य को प्राप्त करें, क्योंकि बिना मेहनत और परिश्रम के सपने साकार नहीं होते। मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षा के क्षेत्र में लगातार प्रयास कर रही है। सीएम राइज स्कूल खोलकर छात्र-छात्राओं को बेहतर से बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराई जा रही है। सरकार छात्र-छात्राओं के हित में है और उनके साथ हर कदम पर खड़ी है। हमारा संकल्प है हर छात्र-छात्रा पढ़े-लिखे, अपने देश, प्रदेश का नाम रोशन करे। इस दौरान कलेक्टर श्री दीपक आर्य भी उपस्थित थे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'स्कूल चलें हम अभियान 2024' का किया शुभारंभ

मध्यप्रदेश में सर्वसुविधायुक्त 369 सीएम राइज़ स्कूलों का संचालन आरंभ

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक्सीलेंस स्कूल से 'स्कूल चलें हम अभियान' का शुभारंभ किया

भोपाल, राज्य सरकार ने प्रदेश में सर्वसुविधायुक्त 369 सीएम राइज़ स्कूलों का संचालन आरंभ कर दिया है। इन स्कूलों में विश्व स्तरीय बिल्डिंग, स्मार्ट क्लास, डिजिटल टीचिंग, निःशुल्क वाहन सुविधा, एक्सपोजर विजिट के साथ-साथ अन्य आधुनिक संसाधनों की सुविधा विद्यार्थियों को प्राप्त होगी। अन्य विद्यालयों में भी किसी भी प्रकार की कमी नहीं रहने देंगे। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने स्कूल चलें हम अभियान 2024 के राज्य स्तरीय समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रदेश के 416 विद्यालयों में पीएमश्री योजना के अंतर्गत उत्कृष्ट शिक्षा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की जा रही है। इन सुविधाओं का अन्य शालाओं में भी विस्तार होगा। प्रदेश के विद्यार्थी महापुरुषों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन में उच्च लक्ष्य प्राप्त करने के पथ पर अग्रसर होंगे।

विद्यार्थियों का किया स्वागत

शासकीय सुभाष उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए चित्रों की प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। इसके साथ उन्होंने शाला में नवप्रवेशी विद्यार्थियों को पुस्तकें भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सुपर-100 योजना के अंतर्गत वर्ष 2024 में जेईई एडवांस में सफल होकर आईआईटी में प्रवेश लेने वाले शासकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ग्राम सालीचौका जिला नरसिंहपुर के श्री पवन राय, ग्राम रक्सहाकलां जिला रीवा के श्री शीतल सिंह, सतना जिले ग्राम अतरार के श्री साहिल पाल, भोपाल के श्री रविराज विश्वकर्मा का सम्मान भी किया।

सभी आवश्यक सुविधाएं होंगी उपलब्ध

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि शासकीय विद्यालयों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। यह विद्यालय शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ सफल जीवन जीने की प्रेरणा और अनुभव प्रदान करने के भी महत्वपूर्ण केन्द्र हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में देश की सभी व्यवस्थाओं में सुधार हो रहा है।

बच्चों को शिक्षा के साथ संस्कार भी दिए जाएं

भोपाल, छात्रों को शिक्षा के साथ अच्छे संस्कार प्रदान करना आवश्यक है। यही भविष्य में देश का नाम रोशन कर राष्ट्रहित में सहयोग प्रदान करेंगे। इस आशय के विचार प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने जबेरा के सीएम राइज़ स्कूल पहुंचकर 'स्कूल चलें हम अभियान' के दौरान शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने शाला प्रवेश कार्यक्रम का शुभारंभ वाद्ययंत्र बजाकर किया। श्री लोधी ने कहा कि सीएम राइज़ स्कूल जबेरा प्रदेश में अपनी एक अलग छवि बना रहा है। विद्यार्थियों ने इस वर्ष परीक्षा परिणाम में उत्कृष्टता प्राप्त की है।

केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दिल्ली में की सौजन्य भेंट

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इंदौर में किया हेल्दी मध्यप्रदेश इनिशिएटिव का शुभारंभ

इंदौर, 'हेल्थ ऑफ इंदौर' का किसी भी एक शहर में किया गया विश्व का सबसे बड़ा प्रिवेंटिव हेल्थ केयर सर्वे है। अब मध्यप्रदेश के युवाओं के प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट किए जाएंगे। हेल्दी मध्यप्रदेश इनिशिएटिव अभियान की शुरुआत मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने की। इस अभियान के अंतर्गत प्रदेशभर के युवाओं को लाइफस्टाइल जनित बीमारियों से बचाने के लिए प्रिवेंटिव हेल्थ के टेस्ट किए जाएंगे। आवश्यक होने पर डॉक्टर कंसल्टेशन एवं लाइफस्टाइल बेहतर करने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने इस अभियान की तारीफ करते हुए कहा स्वस्थ शरीर से ही आध्यात्मिक उन्नति संभव है। इससे पहले हेल्थ ऑफ इंदौर अभियान के तहत शहर के ढाई लाख लोगों के टेस्ट किए गए थे, जिसमें से करीब आधी आबादी गंभीर बीमारियों का शिकार हो सकती है। इस संदर्भ में जनवरी 2024 में तत्कालीन केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया की उपस्थिति में एक कार्यक्रम हुआ था और इंदौर के प्रिवेंटिव हेल्थ केयर मॉडल को देश भर में ले जाने की बात मंत्री जी ने कही थी। कार्यक्रम में उपस्थित नगरीय प्रशासन विकास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय ने इस अभियान की तारीफ की और स्वस्थ रहने पर बल दिया।

तुरंत एक्शन लेने की जरूरत है

कार्यक्रम में सांसद श्री शंकर लालवानी ने कहा कि मध्यप्रदेश के युवाओं को स्वस्थ रखने के लिए प्रदेशभर में प्रिवेंटिव हेल्थ केयर टेस्ट किए जाएंगे और इस अभियान की शुरुआत इंदौर से हो रही है। डॉ. विनीता कोठारी ने कहा कि इंदौर में जो सर्वे हुआ है उसके नतीजे को देखते हुए खासकर युवाओं के हेल्थ पैरामीटर पर तुरंत एक्शन लेने की जरूरत है। इसलिए अब हेल्दी मध्यप्रदेश इनिशिएटिव लॉन्च किया गया है। इन ढाई लाख लोगों में सम्मिलित 30 हजार में हर चौथा युवा प्री डायबिटीज स्टेज पर पाया गया। साथ ही 7.34 प्रतिशत युवाओं में थायराइड की समस्या सामने आई। करीब दो फीसदी लोगों का क्रिएटिनिन का लेवल बढ़ा हुआ था। वहीं 10 प्रतिशत से ज्यादा युवा लीवर की बीमारी का शिकार हो सकते हैं, उनका एसजीपीटी का लेवल बढ़ा हुआ आया। 39.50 प्रतिशत लोगों का कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ आया है वहीं 34 फीसदी में ब्लड प्रेशर की समस्या सामने आई।

बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र किये वितरित

भोपाल, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उइके ने मंडला में विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस पर कहा कि लक्षण होने पर तुरंत जांच करायें एवं बीमारी का नियमित उपचार लें। सरकार सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित रोगियों को दिव्यांगता संबंधित सभी सुविधाएं दे रही है। सरकार सिकल सेल एनीमिया की जाँच और उपचार सहित शोध पर भी ध्यान दे रही है, जिससे इसके बचाव एवं उपचार को और आसान बनाया जा सके। पीड़ितों तक उपचार सुविधाएं पहुंचाने के लिये भी प्रयास किये जा रहे हैं। श्रीमती उइके ने मंडला में सिकल सेल एनीमिया पीड़ित बच्चों को दिव्यांगता प्रमाण-पत्र वितरित किये।

यह नौजवानों का देश है, युवा इस अवसर का लाभ जरूर उठायें - उप मुख्यमंत्री

भोपाल, प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में स्टार्ट अप इंडिया, मेक इन इंडिया, स्किल इंडिया मिशन के माध्यम से देश में औद्योगिक विकास को अभूतपूर्व गति प्राप्त हुई है। आर्थिक क्रांति के लिए देश पूरी तरह से तैयार है। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने शिक्षण संस्थान टीआईटी ग्रुप भोपाल के प्लेसमेंट डे-2024 कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होंने विभिन्न कंपनियों में चयनित छात्रों और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अधोसंरचना विकास के साथ उद्योगों के लिए सकारात्मक वातावरण और देश की युवा जनसंख्या को मानव धन के रूप में विकसित करने के लिए उद्योग आधारित दक्षता के प्रयास किए जा रहे हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश की 50 प्रतिशत से भी अधिक आबादी 35 वर्ष से कम उम्र की है। यह नौजवानों का देश है। हमारे देश का भविष्य बहुत सुनहरा है। युवा इस अवसर का लाभ उठायें।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि अपने कॅरियर में ध्यान दें, मनोयोग से काम करें साथ ही देश, प्रदेश और समाज के प्रति जिम्मेदारी के प्रति भी सजग रहें। कार्यक्रम में टीआईटी ग्रुप चीफ पैट्रन श्री रामराज कसरोलिया सहित शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।

खेलों के उत्थान के लिए प्रदेश सरकार हर संभव सहयोग करेगी

ग्वालियर, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि ग्वालियर में मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 210 करोड़ रुपये की लागत से 20 हजार दर्शक क्षमता वाला अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण पूर्व केन्द्रीय मंत्री श्रीमंत स्व. माधवराव सिंधिया के नाम किया है। यह स्टेडियम न केवल ग्वालियर, प्रदेश एवं देश में भी अपनी अलग पहचान स्थापित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने ग्वालियर में नवनिर्मित स्टेडियम के लोकार्पण एवं एमपीएल-2024 मध्यप्रदेश लीग – सिंधिया कप के शुभारंभ अवसर पर यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि क्रिकेट आज हर युवा के दिल में बसता है। मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ग्वालियर सहित मध्यप्रदेश में क्रिकेट के उत्थान एवं स्टेडियमों के निर्माण के लिए जो भी सहयोग चाहेगा, मध्यप्रदेश सरकार उसे पूरा करेगी।

20 हजार दर्शक क्षमता वाले स्टेडियम का किया शुभारंभ

केन्द्रीय दूरसंचार मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के दिल में खेलों के लिये असीम प्यार है। वे खेलों को बढ़ावा देने के लिये हर संभव सहयोग कर रहे हैं। ग्वालियर के लिये ऐतिहासिक दिन है। आज मध्यप्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा 210 करोड़ रुपये की लागत से 20 हजार दर्शक क्षमता वाला स्टेडियम लोकार्पित किया जा रहा है। यह स्टेडियम मेरे पूज्य पिताजी स्व. माधवराव सिंधिया के नाम से किया गया है। उनका सपना था कि ग्वालियर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर का स्टेडियम बने। श्री सिंधिया ने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्वालियर शहर में दो स्टेडियम हैं। ग्वालियर में आने वाले दिनों में हम सभी के सहयोग से 50 हजार क्षमता वाला एक अत्याधुनिक स्टेडियम का निर्माण भी करेंगे। इसमें मध्यप्रदेश शासन का सहयोग अपेक्षित है।

ग्वालियर में पहली बार मध्यप्रदेश लीग–सिंधिया कप का आयोजन किया जा रहा है। इसमें प्रदेश की पांच टीमें अपनी खेल क्षमताओं का प्रदर्शन करेंगी। इस प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के खिलाड़ी आने वाले दिनों में देश की टीम में शामिल होकर सम्पूर्ण देश का नाम भी गौरवान्वित करेंगे।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

इंदौर को मिलेगी एक और बड़े तालाब की सौगात - मुख्यमंत्री

भोपाल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नागरिकों का आह्वान किया है कि वे समय की जरूरत को पहचान कर पानी के अपव्यय को रोकें तथा जल का अधिक से अधिक संचय करें। पर्यावरण सुधार के लिये अधिक से अधिक वृक्षारोपण भी किया जाये। डॉ. यादव ने कहा कि गिरता हुआ भू-जल स्तर चिंता का विषय है। भू-जल स्तर में वृद्धि के लिये सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता है। समय की जरूरत को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान प्रारंभ किया गया है। यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। मुख्यमंत्री इंदौर शहर के भंवरासला में स्थित एक अनुपयोगी तालाब को उपयोगी बनाने, उसकी जल क्षमता बढ़ाने तथा उसके सौंदर्यीकरण के लिये आयोजित श्रमदान कार्यक्रम को सम्बोधित कर रहे थे।

मुख्यमंत्री ने जल गंगा संवर्धन अभियान के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि यह अभियान पूरे प्रदेश को जल से समृद्ध करेगा और पर्यावरण सुधार की दिशा में बड़ा कदम होगा। उन्होंने कहा कि वैसे तो यह अभियान गंगा दशमी पर संपन्न हो गया है, परंतु यह अभियान जल की महत्ता को देखते हुए न थमेगा, ना ही रुकेगा अनवरत चलता रहेगा। उन्होंने कहा जल से जीवन जुड़ा हुआ है। शरीर पंच तत्वों से मिलकर बना है। इसमें से अगर एक भी तत्व कम हो जाता है तो जीवन का अस्तित्व समाप्त हो जाता है। जीवन के लिये एक तत्व जल भी है, जिसे बचाया जाना अत्यंत ही जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमें जल की उपयोगिता को समझना होगा। जल को बचाना होगा। इसके अपव्यय को रोकना होगा। जल का अधिक से अधिक संचय किया जाना चाहिए।

बजट पूर्व संवाद में विषय-विशेषज्ञों ने दिए सुझाव

मध्यप्रदेश में अधोसंरचनात्मक विकास की गति बनाए रखने बन रहीं रणनीतियां

उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा प्रशासन अकादमी में आयोजित बजट पूर्व संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए

भोपाल, राज्य की अर्थव्यवस्था पूरी तरह से गतिशील हो गई है। पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ रहा है। अधोसंरचनात्मक विकास की गति को निरंतर बनाए रखने के लिए रणनीतियां बनाई जा रही हैं। यह बात उप मुख्यमंत्री श्री जदगीश देवड़ा ने कही। श्री देवड़ा प्रशासन अकादमी में प्रदेश के बजट निर्माण के लिए विषय-विशेषज्ञों के साथ संवाद कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के बजट को नागरिकों की अपेक्षा के अनुसार बनाने, उनकी विकास योजनाओं को पूरी करने के उद्देश्य से समाज के सभी वर्गों से सुझाव आमंत्रित किए गए हैं।

मध्यप्रदेश का उल्लेखनीय योगदान

श्री देवड़ा ने संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में प्रधानमंत्री के संकल्प को पूर्ण करने में मध्यप्रदेश का उल्लेखनीय योगदान होगा।

श्री देवड़ा ने ऊर्जा क्षेत्र को और ज्यादा मजबूत बनाने के लिए विशेषज्ञों से सुझाव मांगे हैं। उन्होंने कहा कि डायनामिक वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को फिर से वित्त मंत्रालय का दायित्व मिलना प्रदेश के लिए शुभ संकेत है। समय-समय पर उनसे मिले मार्गदर्शन से मध्यप्रदेश का वित्तीय प्रबंधन बेहतर साबित हुआ है।

डिजिटल साक्षरता जरूरी

श्री हेमंत सोनी महाप्रबंधक रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने जलवायु जोखिम, पर्याप्त भंडारण स्थान, किसानों और छात्रों के लिये वित्तीय और डिजिटल साक्षरता पर जोर देने की आवश्यकता बताई। क्लस्टर स्तर पर न्यूनतम बुनियादी ढांचा बनाने की आवश्यकता है। इसके लिये बजट में प्रावधान ज्यादा होना चाहिए।

श्री नंदू जे. नाइक उप महाप्रबंधक नाबार्ड ने सिंचाई के क्षेत्र में फोकस करने की आवश्यकता बताई। हॉर्टीकल्चर एवं माइक्रो सिंचाई, इंपोर्ट मार्केट बढ़ाने की आवश्यकता है। लॉजिस्टिक एवं कॉर्पोरेट सेक्टर में कार्य किया जाना चाहिए। साथ ही किसानों के छोटे-छोटे ग्रुप बनाये जाने चाहिए।

प्रो. सी. प्रताप रंजन जैना नेशनल इन्स्टीट्यूट ऑफ पब्लिक फाइनेंस एण्ड पॉलिसी नई दिल्ली ने विभिन्न क्षेत्रों में पूंजीगत व्यय बढ़ाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि राज्य की जीडीपी बढ़ाने वाले सभी क्षेत्रों में निवेश को आगे ले जाने की आवश्यकता है।

हरित चलित वाहन द्वारा फलदार एवं औषधीय पौधे प्रदाय किये जायेंगे

भोपाल, सामाजिक वानिकी वृत्त, भोपाल द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी मानसून सीजन में भोपाल तथा आसपास के क्षेत्रों में आम जन-मानस को पौधारोपण के लिये 'हरित चलित वाहन' द्वारा भोपाल शहर तथा शहर से लगे क्षेत्रों में चिह्नित स्थान पर पौधों का विक्रय किया जायेगा।

वन संरक्षक, सामाजिक वानिकी वृत्त भोपाल ने बताया कि पौधों का विक्रय नीलबड़, रातीबड़, नेहरू नगर, कोटरा, भदभदा, अशोका गार्डन, सेमरा, प्रभात पेट्रोल पम्प रायसेन रोड एवं आसपास के क्षेत्रों में, मंगलवार को करोंद, बड़वाई, ईटखेड़ी, अरवलिया, कर्राखेड़ा, गुलमोहर, शाहपुरा, त्रिलंगा, चूनाभट्ठी एवं आसपास के क्षेत्रों में, बुधवार को आनंदनगर, कल्पना नगर, गोविंदपुरा, खजूरीकला, बागसेवनिया, कटारा हिल्स, 11 मील चौराहा, मण्डीदीप एवं आसपास के क्षेत्र, गुरुवार को गांधी नगर, कोहेफिजा, लालघाटी, शांति नगर, मिसरोद, रापड़िया, जमुनिया, बंगरसिया एवं आसपास के क्षेत्र बगरोदा, कंकाली मंदिर, सूखी सेवनिया, बैरसिया एवं आसपास के क्षेत्र में किया जाएगा। इस मानसून सीजन में अपने घर-आंगन, रिक्त भूमि पर पौधों का रोपण करें तथा उनकी देखभाल कर उन्हें वृक्ष के रूप में विकसित कर पर्यावरण संवर्धन में पूर्ण योगदान दें।

सेहतगंज (रायसेन) की सोम डिस्टलरीज 20 दिन के लिये निलंबित

भोपाल, अनियमितताओं के लिये मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड सेहतगंज जिला रायसेन को स्वीकृत आसवनी अनुज्ञप्ति, विदेशी मदिरा बॉटलिंग अनुज्ञप्ति, देशी मदिरा बॉटलिंग अनुज्ञप्ति तथा देशी मदिरा थोक प्रदाय अनुज्ञप्ति मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत आगामी 20 दिन अथवा श्रम विभाग से प्रतिवेदन प्राप्त होने, जो भी बाद में आये तक निलंबित की गयी है। इस संबंध में आबकारी आयुक्त श्री अभिजीत अग्रवाल ने आदेश जारी किया है।

कलेक्टर जिला रायसेन के प्रतिवेदन तथा थाना उमरावगंज जिला रायसेन में पंजीबद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट में वर्णित तथ्यों के आधार पर मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड सेहतगंज, जिला रायसेन इकाई में बाल श्रमिक कार्य करते हुए पाये गये। उक्त अनुक्रम में इकाई मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड सेहतगंज जिला रायसेन द्वारा प्रस्तुत उत्तर प्रथम दृष्टया समाधानकारक नहीं है। इस कारण से मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड द्वारा मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम-1915 के अंतर्गत बने मध्यप्रदेश आसवनी नियम-1995 के नियम के अंतर्गत अनुज्ञप्ति की शर्त मध्यप्रदेश देशी स्पिरिट नियम-1995 तथा उक्त नियम के अंतर्गत अनुज्ञप्ति की शर्त, मध्यप्रदेश विदेशी स्पिरिट नियम-1996 तथा उक्त नियमों के अंतर्गत प्रदत्त अनुज्ञप्ति की शर्त एवं टेण्डर तथा लायसेंस शर्तों तथा आबकारी कार्यालय द्वारा जारी निर्देशों का स्पष्ट उल्लंघन किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर जिला रायसेन के 15 जून के पत्र अनुसार राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष श्री प्रियंक कानूनगो द्वारा मेसर्स सोम डिस्टलरीज प्रायवेट लिमिटेड सेहतगंज, जिला रायसेन की मदिरा निर्माण इकाई का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण में कुल 59 बालक-बालिकाएं नाबालिग प्रतीत होने पर जिला श्रम अधिकारी एवं जिला बाल कल्याण समिति के माध्यम से परीक्षण करवाया गया। इसके अलावा आयु परीक्षण के संबंध में बच्चों के माता-पिता को आवश्यक दस्तावेज सहित बुलाया गया। विनिर्माणी इकाई में बालक-बालिकाएं काम करते हुए पाये गये थे।

मानव स्वास्थ्य में पशु स्वास्थ्य का है अहम योगदान

भोपाल, मानव स्वास्थ्य में पशु स्वास्थ्य का अहम योगदान है। पशु पक्षियों का स्वास्थ्य बिगड़ने पर इसका प्रतिकूल प्रभाव मानव पर भी पड़ता है। मानव स्वास्थ्य के क्षेत्र में तो हर रोग के लिए विशेषज्ञ हैं, परंतु पशु स्वास्थ्य का दायरा सीमित है। जितना ध्यान मानव स्वास्थ्य पर दिया जा रहा है उतना ही पशु स्वास्थ्य एवं पर्यावरण स्वास्थ्य के प्रति भी सजगता होनी चाहिए, तभी हम समग्र स्वास्थ्य की बात कर सकते हैं। वाइल्डलाइफ हेल्थ पर भी पूरा ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। बर्ड फ्लू (एवियन इन्फ्लूएंजा) पर 2 दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला में ये विचार भारत सरकार के पशुपालन आयुक्त श्री अभिजीत मिश्रा ने व्यक्त किए।

भोपाल में आयोजित बर्ड फ्लू पर केंद्रित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते विशेषज्ञ

प्रमुख सचिव, पशुपालन एवं डेयरी विभाग, श्री गुलशन बामरा ने कहा कि अभी पशु चिकित्सा के क्षेत्र में काफी चुनौतियां हैं, जिन्हें हमें दूर करना है। वर्ल्ड बैंक और भारत सरकार पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा एक बेहद सार्थक संगोष्ठी एवं परिचर्चा आयोजित की गई है। इस परिचर्चा के निष्कर्ष निश्चित रूप से पशु स्वास्थ्य के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होंगे। पी.सी.सी.एफ., वाइल्ड लाइफ डॉ. अतुल श्रीवास्तव ने कहा कि पशुओं का इलाज बेहद चुनौतीपूर्ण है।

(स्रोत : समाचार एवं फोटो जनसंपर्क विभाग, मध्यप्रदेश से साभार)

एजेंसी देना है

मध्यप्रदेश का सर्वाधिक प्रसार संख्या वाला साप्ताहिक समाचार पत्र

रोज़गार और निर्माण

प्रदेश के
शहडोल, गुना, झाबुआ, खंडवा,
छतरपुर एवं पिपरिया में
एजेंसी नियुक्त करना है।

एजेंसी संबंधित कार्य के लिए कार्यालीन समय में संपर्क करें

0755-2760006

प्रमुख आकर्षण

- कॅरियर की ख़बरें
- सप्ताह की प्रमुख घटनाएं
- सम-सामयिक विषयों पर विशेषज्ञों की टिप्पणियां
- मध्यप्रदेश सरकार के निर्णयों और योजनाओं की जानकारियां
- खेल जगत की उल्लेखनीय ख़बरें
- विज्ञान की बातें

मध्यप्रदेश माध्यम
40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल (म.प्र.) 462011
फोन नंबर : 0755-2551330, 0755-2760006
www.mpmadhyam.in
madhyam.rojgar@gmail.com

आज ही खरीदें
प्रमुख बुक-स्टॉलों पर उपलब्ध

ब्रिटेन ने

किंग चार्ल्स तृतीय के फोटो वाले नए बैंक नोट किए जारी

बैंक ऑफ इंग्लैंड ने यूनाइटेड किंगडम के नागरिकों से

क्वीन एलिजाबेथ की तस्वीर वाले पुराने बैंक नोट वापस करने के लिए कहा है। बैंक ने देश में मौजूदा किंग चार्ल्स तृतीय की तस्वीर वाले नए बैंक नोट जारी किए हैं। नए बैंक नोट 5, 10, 20 और 50 पाउंड के मूल्य के हैं। बैंक ऑफ इंग्लैंड के गवर्नर एंड्रयू बेली ने कहा कि नए बैंक नोट केवल पुराने नोटों को बदलने के लिए और बैंक नोटों की डिमांड में किसी भी समग्र वृद्धि को पूरा करने के लिए छापे जाएंगे।

संग्राम सिंह

एमएमए से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनेंगे

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैम्पियन और पहलवान

संग्राम सिंह अब मिक्स्ड मार्शलआर्ट्स (एमएमए) में हाथ आजमाते हुए नजर आयेंगे। संग्राम सिंह एमएमए से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान है। संग्राम सिंह से पहले महिला पहलवान पूजा तोमर एमएमए से जुड़ चुकी हैं। पूजा ने एमएमए में अपना पहला मैच भी जीता है। संग्राम सिंह ने कहा कि एमएमए खेल का भविष्य है। पिछले कुछ वर्षों में इसकी लोकप्रियता काफी बढ़ गई है।

स्टारबाइक

फ्रांस में बनी पच्चीस फीट की सबसे ऊंची साइकिल

फ्रांस के दो युवाओं निकोलस बैरियोज और डेविड

पेयरू ने दुनिया की सबसे ऊंची चलाने योग्य साइकिल बनाई है। उनका यह कारनामा गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज हो गया है। बैरियोज और पेयरू ने इस साइकिल का नाम 'स्टारबाइक' रखा है। इस साइकिल की ऊंचाई 25 फीट 5 इंच है। इसे बैलेंस करने के लिए कम से कम 15 से 20 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाना जरूरी है। बैरियोज और पेयरू ने बताया कि इस साइकिल को बनाने में दो वर्ष से ज्यादा का समय लगा है।

मोहम्मद यूनुस

गबन के आरोप में नोबेल पुरस्कार विजेता जायेंगे जेल

बांग्लादेश के नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस गबन



के आरोप में जेल जायेंगे। बांग्लादेश की एक अदालत ने 83 वर्षीय यूनुस को 17 करोड़ रुपये के एक मामले में दोषी करार दिया है। अदालत ने इस मामले में यूनुस के साथ 13 अन्य लोगों को भी दोषी माना है। यूनुस पर ग्रामीण टेलीकॉम के श्रमिक कल्याण कोष से 17 करोड़ रुपये के गबन का आरोप है, हालांकि यूनुस ने खुद को निर्दोष बताया है। उल्लेखनीय है कि मोहम्मद यूनुस को माइक्रो क्रेडिट की शुरुआत करने के लिए वर्ष 2006 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

जापानी कंपनी

वर्ष 2050 तक बनायेगी स्पेस एलिवेटर

दुनिया के सबसे ऊंचे टॉवर टोक्यो स्काईट्री का निर्माण

करने वाली जापानी कंपनी ओबायाशी कॉर्पोरेशन अंतरिक्ष तक पहुंचने वाली लिफ्ट बनाने जा रही है। कंपनी का लक्ष्य वर्ष 2050 तक स्पेस एलिवेटर बनाने का है। यह स्पेस एलिवेटर धरती से अंतरिक्ष के लिए बनाई जाने वाली एक लिफ्ट है। वैज्ञानिकों का अनुमान है कि स्पेस एलिवेटर बनने से 3 से 4 महीने या 40 दिन में मंगल ग्रह तक पहुंचने में मदद मिलेगी। इस प्रोजेक्ट पर काम वर्ष 2025 से शुरू होगा, इस प्रोजेक्ट की लागत 8.43 लाख करोड़ अनुमानित है। इस स्पेस एलिवेटर के बन जाने से अंतरिक्ष जाने की लागत काफी कम हो जाएगी।

अजीत डोभाल

लगातार तीसरी बार बने भारत के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार

केंद्र सरकार ने पूर्व आईपीएस अधिकारी अजीत

डोभाल को एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल तक या अगले आदेश तक रहेगी। उनके अलावा प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव प्रमोद कुमार मिश्रा का कार्यकाल भी बढ़ाया गया है। डोभाल वर्ष 2014 में पहली बार देश के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार बने थे। वे लगातार तीसरी बार यह पद संभालने वाले पहले व्यक्ति हैं। केरल कॉडर के आईपीएस रहे डोभाल इंटेलिजेंस ब्यूरो के प्रमुख भी रह चुके हैं। वह देश के दूसरे सर्वोच्च वीरता पुरस्कार कीर्ति चक्र हासिल करने वाले पहले पुलिसकर्मी हैं।

सब लेफ्टिनेंट अनामिका

नौसेना की पहली महिला हेलीकॉप्टर पायलट बनीं

भारतीय नौसेना की पायलट सब लेफ्टिनेंट अनामिका

बी. राजीव ने नया कीर्तिमान स्थापित किया है। अनामिका भारतीय नौसेना में हेलीकॉप्टर पायलट बनने वाली पहली महिला बन गई हैं। उन्होंने पासिंग आउट परेड में गोल्डन विंग्स प्राप्त किए। सब लेफ्टिनेंट अनामिका नौसेना में सी किंग्स, एचएएल ध्रुव, चेतक और एमएच-60 सीहॉक्स जैसे एडवांस्ड हेलीकॉप्टर उड़ायेंगी। पूर्वी नौसेना की कमान के फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ वाइस एडमिरल राजेश पेंढारकर ने अनामिका को गोल्डन विंग्स से सम्मानित करते हुए कहा कि सब लेफ्टिनेंट अनामिका ने पहली महिला नौसेना हेलीकॉप्टर पायलट के रूप में स्नातक करके इतिहास रचा है।

बेनी गैंट्ज

इज़राइल के रक्षा मंत्री ने दिया इस्तीफा

इज़राइल के रक्षा मंत्री और वॉर कैबिनेट के सदस्य

बेनी गैंट्ज ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। एक रिपोर्ट के अनुसार गैंट्ज ने इस्तीफे का कारण गाजा युद्ध में बंधकों की रिहाई को लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के रवैये को बताया है। उन्होंने कहा कि नेतन्याहू की वजह से हम हमास का खात्मा नहीं कर पा रहे हैं। गैंट्ज को नेतन्याहू का मुख्य राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी माना जाता है। गैंट्ज ने नेतन्याहू को अल्टीमेटम दिया था कि 8 जून से पहले हमास के खिलाफ युद्ध की नई योजना बनाए, लेकिन ऐसा नहीं होने के बाद उन्होंने इस्तीफा दे दिया। हालांकि प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने गैंट्ज से इस्तीफा वापस लेने की अपील की है।

ज्योति विज

उद्योग संगठन फिक्की की महानिदेशक बनीं

भारतीय वाणिज्य और उद्योग महासंघ (फिक्की)

ने ज्योति विज को नया महानिदेशक चुना है। ज्योति इससे पहले फिक्की की अतिरिक्त महानिदेशक थीं, उन्हें महानिदेशक शैलेष पाठक के इस्तीफा देने के बाद महानिदेशक पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। ज्योति ने दिल्ली के श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स से स्नातक की शिक्षा ली है, इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से व्यवसाय अर्थशास्त्र में मास्टर डिग्री प्राप्त की। वह 1993 में फिक्की से जुड़ीं और इस संगठन में कई पदों पर काम किया। फिक्की के अध्यक्ष अनीश शाह ने कहा कि ज्योति विज के लंबे अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संगठन को मिलेगा।

आदित्य एल-1

रिमोट सेंसिंग उपकरणों से कैद कीं सूर्य की तस्वीरें

इसरो को पहले सौर मिशन आदित्य एल-1 में



कामयाबी मिली है। आदित्य एल-1 ने सूर्य की कई गतिविधियों को कैमरे में कैद कर उनकी अद्भुत तस्वीरें भेजी हैं। ये तस्वीरें अंतरिक्षयान में लगे दो रिमोट सेंसिंग उपकरणों की मदद से ली गई है। इसरो ने बताया कि सोलर अल्ट्रा वायलेट इमेजिंग टेलीस्कोप और विजिबल एमिशन लाइन कोरोनाग्राफ सेंसर ने यह सोलर गतिविधियां कैद की हैं। इसरो ने बताया कि इन तस्वीरों से सूर्य के फोटोस्फेयर और क्रोमोस्फेयर के बारे में जानकारी मिली है। उल्लेखनीय है कि आदित्य एल-1 भारत का पहला सौर मिशन है, जो 2 सितंबर 2023 को लॉन्च हुआ था।

प्रेम सिंह तमांग

दूसरी बार बने सिक्किम के मुख्यमंत्री

प्रेम सिंह तमांग लगातार दूसरी बार सिक्किम के

मुख्यमंत्री बन गए हैं। गंगटोक के पल्जोर स्टेडियम में उन्होंने 8 मंत्रियों के साथ मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। सिक्किम में सम्पन्न हुए विधानसभा चुनाव में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा (एसकेएम) ने 32 में से 31 सीटें जीतकर प्रचंड बहुमत हासिल किया था। दार्जिलिंग गवर्नमेंट कॉलेज से कला में स्नातक की डिग्री लेने वाले तमांग राजनीति में आने से पहले शिक्षक थे। तमांग की पार्टी एसकेएम ने वर्ष 2019 में भी विधानसभा चुनावों में जीत दर्ज की थी और प्रेम सिंह तमांग पहली बार मुख्यमंत्री बने थे। इस बार चुनाव में दो सीटों सोरेंग-चाकुंग और रेनोक से चुनाव लड़े और दोनों सीटों से जीते हैं।

लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी

भारतीय थल सेना के नए प्रमुख होंगे

भारतीय थल सेना के उप प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र

द्विवेदी भारतीय थल सेना के नए सेना प्रमुख होंगे। वह मौजूदा सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे का स्थान लेंगे, जो 30 जून को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। केंद्र सरकार ने लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कर दी है। वह अगले दो वर्षों तक सेना प्रमुख की जिम्मेदारी संभालेंगे। मध्यप्रदेश के रीवा में जन्में लेफ्टिनेंट जनरल द्विवेदी दिसम्बर 1984 में थल सेना की इन्फेंट्री की जम्मू-कश्मीर राइफल्स में कमीशन हुए थे। 40 वर्षों के सेवाकाल में उन्होंने सेना के कई पदों पर काम किया है। सेना उप प्रमुख बनने से पहले वह सेना की उत्तरी कमान के कमांडर थे।

स्मृति शेष

रामोजी समूह के चेयरमैन रामोजी राव का निधन

रामोजी ग्रुप ऑफ कंपनीज के चेयरमैन और

भारतीय मीडिया तथा फिल्म जगत की जानी मानी हस्ती चेरूकुरी रामोजी राव का 87 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उन्हें सांस लेने में तकलीफ के बाद अस्पताल में भर्ती किया गया था। रामोजी राव ने मीडिया और मनोरंजन जगत में नवाचार और उत्कृष्टता के नए मानक स्थापित किए थे। उन्हें वर्ष 2016 में नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था। वह मीडिया ग्रुप ईटीवी और रामोजी फिल्म सिटी के संस्थापक थे। रामोजी फिल्म सिटी दुनिया की सबसे बड़ी फिल्म सिटी है।

ध्रुपद गायक पद्मश्री पंडित रामकुमार मल्लिक का निधन

दरभंगा घराने के ध्रुपद गायक पंडित रामकुमार

मल्लिक का 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। पंडित रामकुमार ने देश-विदेश के प्रतिष्ठित मंचों पर अपनी गायकी का लोहा मनवाया है। वह पंडित विदुर मल्लिक के पुत्र और शिष्य थे। वह लगभग 500 वर्षों से निरंतर चली आ रही ध्रुपद परंपरा की 12वीं पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं। उन्हें वर्ष 2024 में प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान पद्मश्री से सम्मानित किया गया था।

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बिल एंडर्स का निधन

अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री बिल (विलियम)



एंडर्स की एक विमान दुर्घटना में निधन हो गया। 90 वर्षीय एंडर्स अपने विंटेज टी-34 विमान को अकेले ही उड़ा रहे थे, लेकिन उड़ान के दौरान विमान वाशिंगटन के सैन जुआन द्वीप के पास पानी में जा गिरा। एंडर्स के पुत्र और अमेरिकी सेना में लेफ्टिनेंट कर्नल रहे ग्रेग एंडर्स ने उनके निधन की पुष्टि की। एंडर्स अमेरिका के अपोलो-8 मिशन का हिस्सा थे। उन्होंने वर्ष 1968 में कर्नल फ्रैंक बोरमैन और कैप्टन जेम्स लोवेल के साथ अंतरिक्ष के लिए उड़ान भरी थी। इस दौरान उनकी टीम ने चंद्रमा के 10 चक्कर लगाए और कई तस्वीरें ली।

मुंबई क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अमोल काले का निधन

मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के अध्यक्ष अमोल

काले का अमेरिका में निधन हो गया। अमोल भारत और पाकिस्तान के बीच खेले गए ट्वेंटी-20 मैच को देखने के लिए न्यूयॉर्क गए थे। मैच देखने के बाद वह होटल के कमरे में गए। इस दौरान उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मृत्यु हो गई। अमोल काले अक्टूबर 2022 में एमसीए के अध्यक्ष बने थे। उनके कार्यकाल में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए हैं। इनमें आगामी 2024-25 सत्र में प्रथम श्रेणी प्रारूप में मुंबई के खिलाड़ियों को बीसीसीआई के बराबर मैच फीस देना शामिल है।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

क्रमांक 3894/49/2023/चयन इन्दौर, दिनांक 18 जून 2024

राज्य वन सेवा परीक्षा - 2021
चयन सूची (मुख्य भाग - 87 प्रतिशत)
पदनाम - सहायक वन संरक्षक

आयोग के विज्ञापन क्रमांक 11/2021 दिनांक 22.12.2021 एवं समय-समय पर जारी शुद्धिपत्रादि, सूचनाओं आदि के संदर्भ में म.प्र. शासन, वन विभाग के अंतर्गत विज्ञापित पद - **सहायक वन संरक्षक** के कुल 08 पद (अनारक्षित-03, अ.जा.-01. अ.ज.जा.-02 अ.पि.वर्ग-02, ई.डब्ल्यू.एस.-निरंक) विज्ञापित किए गए हैं। उक्त पदों की पूर्ति के लिए **राज्य वन सेवा परीक्षा 2021** अंतर्गत **प्रारंभिक परीक्षा** के उपरांत **राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा- 2021 दिनांक 20.08.2023** को आयोजित की गई। आयोग द्वारा **राज्य वन सेवा मुख्य परीक्षा-2021** का परीक्षा परिणाम **दिनांक 22.11.2023** को घोषित किया गया। उक्त परीक्षा में अर्ह आवेदकों के साक्षात्कार **27.05.2024 से 30.05.2024 तक** आयोजित किए गए हैं।

2. म.प्र. शासन, सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 07-46/2021/आ.प्र./एक दिनांक 29.09.2022 में दिए गए दिशा-निर्देशों के अनुपालन में म.प्र. शासन, वन विभाग से प्राप्त रिक्ति विवरण अनुसार आयोग द्वारा जारी शुद्धिपत्र क्रमांक 03/11/2021 दिनांक 19.06.2023 के बिन्दु क्रमांक 02 में वर्णित तालिका अनुसार उपरोक्त विज्ञापन क्रमांक 11/2021 दिनांक 22.12.2021 के अंतर्गत विज्ञापित कुल पदों का 87 प्रतिशत मुख्य भाग एवं 13 प्रतिशत प्रावधिक भाग की रिक्तियों का पद विभाजन विज्ञापित किया गया है जिसके अनुसार परीक्षा परिणाम दो भागों में मुख्य भाग एवं प्रावधिक भाग के रूप में घोषित किया जाना प्रावधानित किया गया है। चयन परिणाम केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) का घोषित किए जाने के प्रावधान के तहत मुख्य भाग हेतु पुनरीक्षित रिक्तियों का विवरण निम्नांकित तालिका में अंकित है। उक्त शुद्धि पत्र दिनांक 19.06.2023 में उल्लेखित टीप के परिप्रेक्ष्य में प्रावधिक भाग का चयन परिणाम अन्य पिछड़ा वर्ग आरक्षण के सबंध में प्रचलित न्यायालयीन प्रकरण के अंतिम न्यायिक निर्णय के पश्चात् घोषित किया जाएगा।

3. राज्य शासन के उक्त पत्र दिनांक 29.09.2022 के संदर्भ में आयोग द्वारा घोषित मुख्य परीक्षा परिणाम दिनांक 22.11.2023 के पैरा 04 के बिन्दु क्रमांक 02 में उल्लेखित बिन्दु के परिपालन में साक्षात्कार में सम्मिलित अभ्यर्थियों द्वारा भरे गए अभिवचन पत्र के अनुसार मुख्य भाग-87 प्रतिशत एवं प्रावधिक भाग-13 प्रतिशत में अर्ह अभ्यर्थी अपने-अपने भाग में बने रहेंगे। चयन के किसी भी स्तर पर ये एक दूसरे से अंतर परिवर्तन (इंटरचेंज) हेतु दावा नहीं कर सकेंगे।

4. अतएव, मुख्य परीक्षा + साक्षात्कार में प्राप्त प्राप्तांकों के योग के गुणानुक्रम के आधार पर निम्नानुसार केवल 87 प्रतिशत पदों (मुख्य भाग) की चयन सूची घोषित की जाती है :-

1. सहायक वन संरक्षक
पद विवरण तालिका (मुख्य भाग 87 प्रतिशत)

मध्यप्रदेश शासन, सामान्य प्रशासन विभाग, मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल के पत्र क्रमांक-एफ 8-2/2013 /आ.प्र./एक, भोपाल, दिनांक 04.01.2024 के प्रावधान अनुसार विशेष अभियान के तहत निःशक्तजन के पद की पूर्ति की जाना है। आवेदन पत्र निम्न पद हेतु निर्धारित योग्यता एवं अर्हता रखते हुये नीचे दर्शाये गये विहित प्रारूप में विज्ञापन **जारी होने की तिथि से दिनांक 11.07.2024 तक कार्यालयीन समय 5.30 सायंकाल** (अवकाश के दिनों को छोड़कर) **अपर सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संसदीय कार्य विभाग, कक्ष क्रमांक 203-E, वल्लभ भवन-1, मंत्रालय, भोपाल, पिनकोड-462004 के नाम से** संबोधित कर प्रेषित करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा एवं न ही इस संबंध में कोई पत्राचार किया जावेगा। डाक से हुए विलम्ब के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। रिक्त पदों का विवरण, वेतनमान, निर्धारित योग्यता की जानकारी निम्नानुसार है:-

स. क्र.	पदनाम	रिक्त पद	लोकोमीटर डिसेबिलिटी जिसमें सम्मिलित है सेरेब्रल पाल्सी, कुष्ठ रोग मुक्त, एसिड अटैक पीड़ित, मस्कुलर डिस्ट्राफी हेतु स्वीकृत पद	वेतनमान
1.	सहायक ग्रेड-3 (अ.ज.जा. हेतु आरक्षित)	1	1	19500-62000 समय-समय पर देय अन्य भत्ते

नोट- उक्त पद के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग की अधिसूचना क्रमांक एफ-6-1-2002-आ.प्र.-एक, दिनांक 31.05.2018 के पालन में विशेष पिछड़ी आदिम जातियों जैसे बैगा, सहरिया, भारिया के आवेदन पत्र प्राप्त होने पर उन्हें नियमानुसार प्राथमिकता देते हुए इस वर्ग से पद भरा जायेगा। यदि उक्त वर्ग के उम्मीदवार उपलब्ध नहीं होते हैं तब ऐसी स्थिति में शेष अनुसूचित जनजातियों के उम्मीदवारों के आवेदन पत्रों को विचार में लिया जायेगा। उम्मीदवार का चयन अर्हकारी परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट सूची तैयार कर किया जाएगा।

शैक्षणिक योग्यता

1.	सहायक ग्रेड-3	1. हायर सेकेंडरी (10+2) परीक्षा उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। 2. निम्नलिखित मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्था से न्यूनतम एक वर्षीय कम्प्यूटर डिप्लोमा/सर्टिफिकेट परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य :- (1) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। (2) यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त किसी भी मुक्त विश्वविद्यालय से डिप्लोमा। (3) डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से डिप्लोमा स्तर की परीक्षा। (4) शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज से मॉडर्न ऑफिस मैनेजमेंट कोर्स। (5) शासकीय आई.टी.आई. द्वारा एक वर्षीय कम्प्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (COPA) प्रमाण पत्र। 3. मध्यप्रदेश शासन, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा आयोजित कम्प्यूटर प्रमाणीकरण दक्षता परीक्षा (CPCT) हिन्दी भाषा में 50 प्रतिशत स्कोर कार्ड अथवा उससे अधिक में उत्तीर्ण होना अनिवार्य।

अन्य शर्तें -

01. आवेदक को मध्यप्रदेश का मूल निवासी होना अनिवार्य है।
02. समस्त प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा अथवा स्वयं सत्यापित प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
03. आवेदक की आयु न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 40 वर्ष। आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को नियमानुसार 05 वर्ष की छूट का प्रावधान है।
04. आवेदक का मध्यप्रदेश के किसी भी रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना अनिवार्य है।
05. अन्य विभाग में कार्यरत आवेदक कर्मचारी नियोजक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।
06. मांगे जाने पर सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां दिखाना अनिवार्य है।
07. निःशक्तता का डिजीटल प्रमाण पत्र संबंधित जिले के शासकीय जिला चिकित्सालय में मेडिकल बोर्ड के द्वारा जारी किया गया ही मान्य होगा।
08. कोई भी उम्मीदवार जिसने विवाह के लिये निर्धारित की गई न्यूनतम आयु से पूर्व विवाह कर लिया हो, इस पद पर नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
09. जिस आवेदक को 02 से अधिक संतान हैं उनमें से एक का जन्म यदि 26 जनवरी, 2001 को या उसके पश्चात् हुआ हो तब ऐसा आवेदक नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होगा।
10. मध्यप्रदेश सामान्य प्रशासन विभाग के परिपत्र दिनांक 12 दिसम्बर, 2019 के अनुसार तीन वर्ष की परिवीक्षा पर प्रथम वर्ष 70 प्रतिशत, द्वितीय वर्ष 80 प्रतिशत तथा तृतीय वर्ष 90 प्रतिशत प्रतिमाह वेतन देय होगा।
11. नियुक्ति से संबंधित सभी अधिकार अपर मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, संसदीय कार्य विभाग, भोपाल के पास सुरक्षित होंगे।
12. उक्त भर्ती के संबंध में विस्तृत जानकारी (आवेदन पत्र के फार्मेट सहित) विभागीय वेबसाइट **dirpad@mp.gov.in** पर उपलब्ध है। अतः उक्त वेबसाइट से जानकारी प्राप्त की जा सकती है। भर्ती से संबंधित आगामी सभी सूचनाएं विभाग की वेबसाइट पर ही प्रदर्शित की जायेगी।

(रविनीश तिवारी)
अवर सचिव,
मध्यप्रदेश शासन, संसदीय कार्य विभाग

जी-12141/आर-49726/2024

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भोपाल

पद का नाम - कुलसचिव, उप चिकित्सा अधीक्षक, ब्लड ट्रांसफ्यूजन अधिकारी, चिकित्सा अधिकारी (आयु सिद्धा)
पदों की संख्या - 04
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 05 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.aiimsbhopal.edu.in/

राष्ट्रीय संचार वित्त संस्थान

पद का नाम - टीचिंग एसोसिएट्स (रिसर्च एसोसिएट्स) (अनुबंध आधार पर)
पदों की संख्या - 05
योग्यता - सूचना प्रौद्योगिकी, कानून, प्रबंधन, सार्वजनिक नीति, दूरसंचार इंजीनियरिंग/इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग या समकक्ष एवं मनोविज्ञान (व्यवहार मूल्यांकन और विकास) से संगत विषय में प्रथम श्रेणी (या समकक्ष ग्रेड) के साथ स्नातकोत्तर या उससे ऊपर की डिग्री और शैक्षिक एवं अनुसंधान के लिए योग्यता होनी चाहिए। सरकारी संगठनों के साथ कार्य का पूर्व अनुभव रखने वाले उम्मीदवारों/थिंक टैंक्स को वरीयता दी जाएगी।
अंतिम तिथि - 30 जून 2024
वेबसाइट - www.nicf.gov.in

टाटा मूलभूत अनुसंधान संस्थान

पद का नाम - प्रशासनिक सहायक ख (एसआई आरसी - पुस्तकालय), प्रशासनिक सहायक ख, कार्य सहायक
पदों की संख्या - 04
योग्यता - प्रशासनिक सहायक ख (एसआई आरसी - पुस्तकालय) के लिए मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से 60 प्रतिशत अंक के साथ स्नातक और पुस्तकालय/सूचना विज्ञान में स्नातक या स्नातकोत्तर, कम्प्यूटर का ज्ञान, किसी शैक्षिक संस्थान/अनुसंधान संस्थान में पुस्तकालय की हैंडलिंग में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव। अन्य के लिए पदानुसार।
अंतिम तिथि - 15 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.math.tifrbng.res.in/

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान गुवाहाटी

पद का नाम - सहायक लाइब्रेरियन, सहायक कार्यशाला अधीक्षक, चिकित्सा अधिकारी
पदों की संख्या - 03
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 15 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.iitg.ac.in/index?lang=hindi

बामर लॉरी एंड कं. लिमिटेड

पद का नाम - उपाध्यक्ष (परियोजना), उप प्रबंधक (लेखा एवं वित्त), सहायक प्रबंधक (लेखा एवं वित्त), उप प्रबंधक (खरीद और बिक्री), यूनिट प्रमुख (कोल्ड चेन), सहायक प्रबंधक (एसएपी एबीएपी), सहायक प्रबंधक (फिको प्रकार्यात्मक), प्रबंधक (प्रचालन), वरिष्ठ प्रबंधक (ब्रांड), उप प्रबंधक (ब्रांड), उप प्रबंधक (खुदरा बिक्री), सहायक प्रबंधक (गुणवत्ता आश्वासन), सहायक प्रबंधक (प्रचालन), कनिष्ठ अधिकारी (उत्पादन, गुणवत्ता आश्वासन, एससीएम, प्रचालन, विद्युतीय)
पदों की संख्या - 15
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 05 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.balmerlawrie.com/

इंडियन एसोसिएशन फॉर द कल्टिवेशन ऑफ साइंस

पद का नाम - सहायक रजिस्ट्रार, सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष, सहायक (एफ एंड ए), रजिस्ट्रार के लिए पीए, तकनीकी सहायक - बी, अपर डिवीजन क्लर्क, वित्त एवं लेखा अधिकारी, निदेशक सचिवालय में सचिव, तकनीकी अधीक्षक, कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल), तकनीकी अधीक्षक, वरिष्ठ तकनीशियन (इलेक्ट्रिकल), कनिष्ठ अभियंता (इलेक्ट्रिकल), वरिष्ठ तकनीशियन (प्रकाशन एवं पत्रिका), कार्यालय अधीक्षक, कार्यालय अधीक्षक (एफ एंड ए)
पदों की संख्या - उल्लेखित नहीं
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 02 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.iacs.res.in

राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम संस्थान

पद का नाम - सहायक रजिस्ट्रार
पदों की संख्या - 01
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 05 जुलाई 2024
वेबसाइट - https://www.nimsme.org/

पटना उच्च न्यायालय

पद का नाम - अनुवादक, अनुवादक-सह-प्रूफ रीडर
पदों की संख्या - 80
योग्यता - किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय /संस्थान से एक विषय के रूप में अंग्रेजी के साथ स्नातक। हिन्दी का ज्ञान होना चाहिए। मान्यता प्राप्त संस्थान से कंप्यूटर एप्लीकेशन में कम से कम छह महीने का डिप्लोमा/सर्टिफिकेट। लॉ डिग्री वाले उम्मीदवारों को प्राथमिकता दी जाएगी। उर्दू/मैथिली/संथाली के ज्ञान वाले उम्मीदवारों को भी प्राथमिकता दी जाएगी।
अंतिम तिथि - 30 जून 2024
वेबसाइट - https://patnahighcourt.gov.in/

कॉलेज ऑफ वोकेशनल स्टडीज

पद का नाम - पुस्तकालय अध्यक्ष, अनुभाग अधिकारी, वरिष्ठ निजी सहायक, वरिष्ठ तकनीकी सहायक (कंप्यूटर), वरिष्ठ सहायक, सहायक, एमटीएस (लाइब्रेरी)/लाइब्रेरी अटेंडेंट
पदों की संख्या - 12
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 30 जून 2024
वेबसाइट - https://www.cvs.edu.in/

गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी

पद का नाम - असिस्टेंट प्रोफेसर (पर्यावरण विज्ञान, अप्लाइड कैमिस्ट्री, अप्लाइड फिजिक्स, फूड प्रोसेसिंग एंड टेक्नोलॉजी, अप्लाइड मैथामैटिक्स, लॉ, इकॉनोमिक्स, बायोटेक्नोलॉजी, बिजनेस मैनेजमेंट, कंप्यूटर साइंस और इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रोनिक्स एंड कम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग, इंफोर्मेशन टेक्नोलॉजी, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग आदि)
पदों की संख्या - विभिन्न पद
योग्यता - पदानुसार
अंतिम तिथि - 28 जून 2024
वेबसाइट - https://www.gbu.ac.in/

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित)

सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाना जरूरी है

रोजमर्रा के जीवन में सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाने और जनता को जागरूक करने कि वे कैसे सांख्यिकी नीतियों को आकार देने और तैयार करने में मदद कर सकते हैं, इस प्रयोजन से देश में प्रतिवर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। विकास के एक महत्वपूर्ण कारक के रूप में सांख्यिकी के उपयोग को लोकप्रिय बनाना जरूरी है। सुप्रसिद्ध सांख्यिकीविद् प्रोफेसर प्रशान्त चंद्र महालनोबिस के सांख्यिकी और आर्थिक नियोजन के क्षेत्र में अमूल्य योगदान के लिये उनके जन्मदिन 29 जून को ही राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। सामाजिक-आर्थिक नियोजन में सांख्यिकी की भूमिका के बारे में, जनसाधारण विशेषतः युवा पीढ़ी के बीच, सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाने के महत्वपूर्ण लक्ष्य के साथ राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस पहली बार वर्ष 2007 में मनाया गया था और इस आशय की अधिसूचना 05 जून 2007 को भारत के राजपत्र में प्रकाशित की गई थी। तब से, इस दिन के महत्व को उजागर करने के लिए इस दिन सेमिनार, व्याख्यान और प्रतियोगिताओं का आयोजन होता है।

प्रशांत चन्द्र महालनोविस की स्मृति में मनता है यह दिवस

सुप्रसिद्ध सांख्यिकीविद् प्रशान्त चंद्र महालनोविस का जन्म 29 जून, 1893 को कलकत्ता (अब कोलकाता) में धनी और शैक्षणिक रूप से सम्पन्न एक बंगाली परिवार में हुआ था। उन्होंने भौतिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की और बाद में उच्च अध्ययन के लिए लंदन चले गए। उन्होंने भौतिकी में अपना ट्रिपोस पूरा किया और मानव विज्ञान और मौसम विज्ञान में समस्याओं को हल करने में सांख्यिकी की प्रभावकारिता की खोज की। प्रेसीडेंसी कॉलेज में सांख्यिकी प्रयोगशाला की स्थापना और वर्ष 1931 को कलकत्ता में भारतीय सांख्यिकी संस्थान की स्थापना उनके महत्वपूर्ण अवदान के रूप में चिन्हित किये जाते हैं। उन्हें महालनोबिस दूरी के अन्वेषण के लिये भी याद किया जाता है। डी-टू के रूप में प्रदर्शित यह एक बहुभिन्नरूपी दूरी माप है जिसका उपयोग आबादी की तुलना और समूहीकरण के लिए किया जाता है। आपका सबसे बड़ा योगदान बड़े पैमाने पर 'सैम्पल सर्वे' (नमूना सर्वेक्षण) के प्रयोग को प्रचलित किये जाने के क्षेत्र में भी माना जाता है। उन्हें 1944 में ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय का वेल्डन मेमोरियल पुरस्कार मिला। वे वर्ष 1958 में यूएसएसआर के विज्ञान अकादमी के विदेशी सदस्य बनाये गये। उन्हें वर्ष1961 में दुर्गाप्रसाद खेतान स्वर्ण पदक और वर्ष 1968 में श्रीनिवास रामानुजन स्वर्ण पदक सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। वर्ष 1968 में देश के दूसरे बड़े नागरिक सम्मान पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया। देश के अग्रणी भारतीय सांख्यिकीविद् प्रशांत चंद्र महालनोबिस का 28 जून 1972 को 78 वर्ष की आयु में कलकत्ता में निधन हुआ।

आम आदमी की भलाई में सांख्यिकी का उपयोग हो

मस्तिष्क के सटीक मापन के लिए प्रोफाइलोस्कोप नाम का एक उपकरण बनाकर पीसी महालनोबिस ने दुनिया को यह बताया कि कैसे सांख्यिकी का इस्तेमाल आम आदमी की भलाई के लिए किया जा सकता है, वह हमेशा यह कहते थे

कि सांख्यिकी का उपयोग मानव मात्र की भलाई में हो। उनके इस योगदान के चलते उन्हें भारत में मॉडर्न स्टेटिस्टिक्स का जनक माना जाता है। स्वतंत्र भारत के पहले योजना आयोग के सदस्य के रूप में उनके अवदान को देखते हुए देश के पहले प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने महालनोबिस को नवगठित केंद्रीय मंत्रिमण्डल का सांख्यिकी सलाहकार नियुक्त किया था। महालनोबिस स्वतंत्र भारत के योजना आयोग के पहले सदस्य भी थे। योजना आयोग के सदस्य के रहते हुए उन्होंने उद्योगों के लिए दो चरणों का मॉडल बनाया। उनके बनाए विशेष महालनोबिस मॉडल को दूसरी पंचवर्षीय योजना में लागू किया गया जिससे देश में तेजी से औद्योगीकरण हुआ। महालनोबिस ने मौसम विज्ञान और मानव विज्ञान के समस्याओं में सांख्यिकी की अहम भूमिका की खोज की। उन्होंने इंडियन स्टेटिस्टिकल इंस्टिट्यूट की नींव रखी और बड़े पैमाने पर सैंपल सर्वे को तैयार करने में भी योगदान दिया। आज भारतीय सांख्यिकी संस्थान की तमाम शाखाएं कोलकाता के अलावा दिल्ली, बेंगलुरु, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई, कोयंबटूर, गिरिडीह सहित देश के दस स्थानों में हैं, जहां खासतौर पर सांख्यिकी की पढ़ाई की जाती है।

सांख्यिकी दिवस पर होती है कुछ परियोजनाओं की समीक्षा

भारत सरकार का सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय सांख्यिकी से जुड़ी जिन परियोजनाओं का संचालन करता है, सांख्यिकी दिवस पर उन सभी परियोजनाओं की समीक्षा की जाती है। भारत सांख्यिकी सुदृढ़ीकरण परियोजना इनमें एक प्रमुख परियोजना है, जो विश्व बैंक से सहायता प्राप्त केंद्र प्रवर्तित योजना है, जो वर्ष 2010-11 के दौरान शुरू की गई थी। इस योजना का उद्देश्य राज्य और उप-राज्य के स्तर पर नीति की योजना बनाने के लिए विश्वसनीय आधिकारिक सांख्यिकी एकत्र करने, संकलित करने और उनको प्रसारित करने के लिए राज्य सांख्यिकीय प्रणाली की सांख्यिकीय क्षमता और बुनियादी ढांचे में सुधार लाना है। इसी दिन सांख्यिकी संग्रहण अधिनियम-2008 की भी समीक्षा होती है। यह नया अधिनियम, मूलत: 1953 के अधिनियम की सीमाओं के आगे के समाधान को प्राप्त करने में सहायता देता है और सांख्यिकीय क्रियाकलापों के प्रशासन को सुदृढ़ करता है। वार्षिक औद्योगिक सर्वेक्षण और छठी आर्थिक गणना के आंकड़े इस अधिनियम के अधीन एकत्र किए जाते हैं।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर भी इस दिन विमर्श होता है

इस दिन अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और प्रतिभागिता की भी समीक्षा होती है। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय सार्क सदस्य देशों के लिए सांख्यिकीय कार्मिकों के क्षमता विकास के लिए नोडल एजेंसी है अतः वो इस दिन अंतर्राष्ट्रीय सहयोग पर भी विमर्श करती है। सार्क और अन्य विकासशील देशों के लिए सांख्यिकीय प्रविधि और आधिकारिक सांख्यिकी प्रणाली संबंधी विशेषज्ञ सांख्यिकीय प्रशिक्षण आयोजित किए जाते हैं। सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय ने सार्क के विभिन्न देशों अथवा अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के साथ-साथ उनके सांख्यिकीय कार्मिकों के क्षमता विकास के लिए करार भी निष्पादित किए हैं। सांख्यिकी क्षेत्र में समन्वय बढ़ाने के लिए 10 फरवरी, 2012 को नई दिल्ली में आयोजित बारहवें वार्षिक भारत-ईयू सम्मेलन के दौरान यूरो स्टेट के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। आधिकारिक सांख्यिकी के विकास सम्बन्धी समन्वय और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए यह समझौता ज्ञापन तैयार और लागू किया गया है ताकि 'सांख्यिकीय सेवाओं' के संदर्भ में दोनों के बीच संपर्क बनाया जा सके और इसके आदान-प्रदान को बढ़ावा दिया जा सके। एनएसएसटीए में एशिया और पेसिफिक क्षेत्र के देशों के सरकारी अधिकारियों अथवा सांख्यिकीविदों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के लिए स्टेस्टिकल इंस्टिट्यूट ऑफ एशिया और पेसिफिक में भी आयोजन करते हैं।

राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग से डाटा संग्रह की समस्याएं घटेंगी

भारत का राष्ट्रीय सांख्यिकी आयोग (नेशनल स्टेटिस्टिक्स कमीशन) एक स्वायत्त निकाय है जिसका गठन 12 जुलाई, 2006 को रंगराजन आयोग की सिफारिश के तहत किया गया था। एनएससी के अध्यक्ष वर्तमान में प्रोफेसर राजीव लक्ष्मण करंदीकर हैं, जिन्हें 30 नवंबर, 2022 को तीन साल की अवधि के लिए आयोग के अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया था। प्रोफेसर ए गणेश कुमार, प्रोफेसर मुकेश मोहनिया, श्री असित कुमार संधू और प्रोफेसर देबासिस कुंडू आयोग के अन्य सदस्य हैं। श्री बीवीआर सुब्रमण्यम, पूर्व नीति आयोग के सीईओ पदेन सदस्य हैं और डॉ. सौरभ गर्ग आयोग के सचिव हैं। आयोग के अध्यक्ष को राज्य मंत्री का दर्जा प्राप्त है और आयोग के सदस्यों को भारत सरकार के सचिव के समकक्ष दर्जा प्राप्त है। अध्यक्ष और सदस्यों को भी कार्यकाल की सापेक्ष सुरक्षा प्राप्त होती है क्योंकि एक बार जब वे पद ग्रहण कर लेते हैं, तो उन्हें भारत के संविधान के अनुच्छेद 145 की प्रक्रिया के अनुसार भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा की गई जांच के बाद ही राष्ट्रपति द्वारा हटाया जा सकता है।

सांख्यिकी से सम्बद्ध उद्धरणों से इसका महत्व पता चलता है

सांख्यिकी को एक विषय के रूप में प्रतिपादित करते समय उसके गुण-दोष पर विमर्श जरूरी होता है और इसी परिप्रेक्ष्य में कुछ सांख्यिकीविदों ने सांख्यिकी को लेकर कुछ प्रेरक उद्धरण प्रस्तुत किये हैं। आंकड़ों को लेकर जोनाथन रोसेनबर्ग लिखते हैं- 'डेटा इक्कीसवीं सदी की तलवार है, जो इसे अच्छी तरह से चलाते हैं, वे समुराई हैं।' सुप्रसिद्ध लेखक एच जी वेल्स लिखते हैं - 'सांख्यिकीय सोच एक दिन कुशल नागरिकता के लिए उतनी ही आवश्यक योग्यता होगी जितनी पढ़ने लिखने की क्षमता।' एक और अर्थशास्त्री राल्फ वाल्डो एमर्सन कहते हैं कि- 'पूरी जिन्दगी एक प्रयोग है।

- राजा दुबे
(लेखक, जनसंपर्क विभाग से सेवानिवृत्त संयुक्त संचालक हैं।)

हमारा जिला- झाबुआ

जनजातीय संस्कृति, हस्तशिल्प और कलात्मक वस्तुओं का विशेष केन्द्र

*मध्यप्रदेश विविधता से समृद्ध है। प्रदेश के हर क्षेत्र की अपनी विशेषता, क्षमता और दक्षता है। यहां का प्रत्येक जिला अपना इतिहास, कला, संस्कृति, परंपरा, उपज और अन्य क्षेत्रीय विशेषताएं लिए हुए हैं। **रोज़गार और निर्माण** के हमारा जिला स्तम्भ में हम मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आपको परिचित करवा रहे हैं। इस अंक में प्रस्तुत है झाबुआ जिले का परिचय-*

जिला एक नज़र में

क्षेत्र	:	3600 वर्ग किलोमीटर
आबादी	:	1,025,048 (वर्ष 2011 की जगणना अनुसार)
भाषा	:	बरेली रथवी, भीली, हिंदी

झाबुआ जिला, मध्य प्रदेश का एक जिला है। इसका मुख्यालय झाबुआ है। पश्चिमी मध्य प्रदेश में स्थित झाबुआ जिला गुजरात के दाहोद, राजस्थान के बांसवाड़ा और मध्य प्रदेश के धार, अलीराजपुर तथा रतलाम जिलों से घिरा है। 16वीं शताब्दी में स्थापित यह जिला बहादुर सागर झील के किनारे बसा हुआ है। झाबुआ मूलत: जनजाति बहुल जिला है। यहां ज्यादातर भील और भिलाला जनजातियां रहती हैं। यह जिला जनजातीय हस्तशिल्प खासकर बांस से बनी वस्तुओं, गुड़ियां, आभूषणों और अन्य कलात्मक वस्तुओं के लिए प्रसिद्ध है। अनास यहां से बहने वाली प्रमुख नदी है।

देवाझिरी, पीपलखूंटा, समोई और तारखेडी प्रमुख दर्शनीय स्थल है। झाबुआ इंदौर से लगभग 150 किलोमीटर दूर है। यहाँ का प्रसिद्ध मेला भगोरिया है। यह झाबुआ थांदला, मेघनगर, पेटलावद, रामा और रानापुर कुल 6 विकासखंडों से मिलकर बना है।

इतिहास

झाबुआ रियासत मध्य भारत की एक प्रमुख रियासत रही है। यह उत्तर में कुशलगढ़ रियासत, दक्षिण में जोबट रियासत, पूर्व में अलीराजपुर और धार द्वारा, और पश्चिम में पाउच महल जिले द्वारा घिरा हुआ था। यह क्षेत्र मालवा के पहाड़ी हिस्से में स्थित है, जिसे राठ के नाम से जाना जाता है, जो मालवा पठार की पश्चिमी सीमा बनाता है। बाद में 1927 में यह मालवा एजेंसी का हिस्सा बन गया।

1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद, झाबुआ के अंतिम शासक ने इसे भारतीय संघ में शामिल किया। 15 जून 1948 को भारतीय संघ में झाबुआ नव निर्मित मध्य भारत राज्य का हिस्सा बन गया। जिसे 1956 में मध्य प्रदेश में शामिल किया गया।

अर्थव्यवस्था

झाबुआ जिले का क्षेत्र सूखा-ग्रस्त और बंजर भूमि वाला है। इसीलिए यहां के लोग आर्थिक उपार्जन के लिए शिल्प आदि का कार्य करते हैं। महिलाएं बांस से बने उत्पादों, गुड़िया, मनके-आभूषण और अन्य वस्तुओं सहित जनजातीय परंपरागत वस्तुएं बनाती हैं। पुरुष तीर, कामठे और अन्य औजार बनाते हैं। झाबुआ में बनाई गई कलात्मक वस्तुएं देश भर में विख्यात है। यहाँ की शिल्प कलाकृतियां कलात्मकता की दृष्टि से आकर्षण का केन्द्र हैं।

उत्सव

पर्व भगोरिया

जनजातीय लोक संस्कृति के प्रमुख पर्व भगोरिया उत्सव में जनजातीय लोक का उल्लास चरम पर दिखता है। भगोरिया की तिथी घोषित होने के साथ ही जनजातीय इलाकों में भगोरिया हाट को लेकर तैयारियां शुरू हो जाती हैं। भगोरिया हाटों के उत्सव की शुरूआत होलिका दहन के सात दिवस पूर्व हो जाती हैं। जिसमें जनजातीय संस्कृति और आधुनिक जीवन का संगम देखने को मिलता हैं। भगोरिया हाट में सब लोग मिलते हैं। व्यापार-व्यवसाय के साथ उल्लास मनाते है। यह जीवन और प्रेम का उत्सव है। जो संगीत, नृत्य और रंगों के साथ मनाया जाता है। इस दौरान मध्यप्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में कई मेले लगते हैं। हजारों की संख्या में युवक-युवतियां श्रृंगार कर पारंपरिक वस्त्रों में इन मेलों में शामिल होते हैं।

उत्पादन

कड़कनाथ

कड़कनाथ झाबुआ की पहचान है। चटखदार काले रंग, लजीज स्वाद तथा औषधीय गुणों के लिए पहचाने जाने वाले झाबुआ के कड़कनाथ मुर्गे की मांग अब प्रदेश ही नहीं देशभर के कोने-कोने से आने लगी है। इसी गुण के कारण प्रदेश के कई स्थानों पर कड़कनाथ मुर्गीपालकों के लिये मुनाफे का पर्याय बन रहा है। कुछ समय पहले इसकी कीमत 600 रुपए किलो थी, लेकिन मांग बढ़ने पर इसकी कीमत बढ़ गई है। बाजार में यह लगभग 1100 से 1200 रुपए में बिकता है। कड़कनाथ की उत्पत्ति कट्ठीवाड़ा के जंगलों में हुई है। यह प्रजाति अपने काले मांस जो उच्च गुणवत्ता, स्वादिष्ट तथा औषधीय गुण वाला होने के कारण जानी जाती है। जनजातीय लोग इसे 'काली मासी' भी कहते हैं, क्योंकि यह बिल्कुल काले रंग का होता है।

झाबुआ जिले के प्रसिद्ध कड़कनाथ मुर्गे को अब अंतर्राष्ट्रीय ख्याति मिल चुकी है। इसे जीआई टैग मिलने के बाद इसकी ग्लोबल पहचान बन गई है। कृषि के सहायक व्यवसाय के रूप में कड़कनाथ पालन का तेजी से विकास हो रहा है। मांग ज्यादा होने और दाम अच्छा मिलने के कारण किसानों का रुझान इस ओर तेजी से बढ़ा है। कड़कनाथ पालन को प्रोत्साहित करने के लिए पशु चिकित्सा विभाग द्वारा अनुदान भी दिया जाता है। प्रदेश के कई जिलों में इसकी शुरुआत हो चुकी है। संतुलित आहार, दवा, पानी, व्यवस्थित कमरे में रखा जाए, तो साढ़े तीन से चार माह में वजनदार कड़कनाथ तैयार हो जाता है। एक कड़कनाथ को रखने के लिए एक बाय एक फीट के स्थान की जरूरत होती है। इसी के हिसाब से कमरे की व्यवस्था होना जरूरी है।

कड़कनाथ को निश्चित तापमान में रखा जाता है। पहले दिन ब्रूडर का तापमान 90 से 95 डिग्री फॉरेनहाइट तक रखा जाता है। दूसरे दिन चिक फीड चालू कर दिया जाता है। तीसरे दिन विटामिन, प्रोबायोटिक्स, ई केयर सी दिन में एक बार पानी में देते हैं। चौथे दिन विटामिन, प्रोबायोटिक्स का पानी दिन में एक बार तथा एंटीबॉयोटिक दवा प्रत्येक बार दी जाती है। पांचवें दिन विटामिन प्रो बायोटिक का पानी दिन में एक बार व एंटीबायोटिक दवा हर बार पानी में देते हैं। छठे दिन केवल विटामिन एवं प्रो बायोटिक्स का पानी देते हैं। सातवें दिन इलेक्ट्रॉल पानी में देते हैं, साथ ही ई केयर सी दिन में एक बार देते हैं। कडकनाथ का उत्पादन, उच्च पोषक तत्वों से युक्त भोजन तथा दवा देकर निश्चित तापमान में किया जाता है। अत: इससे किसी तरह के इन्फेक्शन आदि की संभावना नहीं होती है। पोषण विशेषज्ञों के अनुसार कडकनाथ में कम कोलेस्ट्राल, उच्च लौह सामग्री और कैंसर विरोधी गुण पाये जाते हैं।

मक्का - मक्का, झाबुआ की मुख्य फसलों में से एक है। मक्का में विटामिन बी, फॉलिक एसिड, विटामिन सी और प्रो विटामिन ए होते हैं। मक्का फास्फोरस, मैग्नीशियम, मैंगनीज, जस्ता, तांबा, लोहा और सेलेनियम से भी समृद्ध है इसमें पोटेशियम और कैल्शियम की भी मात्रा होती है।

प्रमुख पर्यटन स्थल

श्रृंगेश्वर धाम

श्रृंगेश्वर तीर्थ परम पूज्य श्री श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है। श्रृंगी ऋषि ने राजा दशरथ के यहां अश्वमेघ यज्ञ और पुत्र कामेष्टि यज्ञ किया था। इसका वर्णन रामायण में मिलता है। ऋषिवर के मस्तक पर एक श्राप के कारण सींग निकल आए थे। 99 नदियों में स्नान करने पर भी उनके सींग नहीं गले लेकिन जब उन्होंने माही और मधुकन्या नदी के संगमस्थल पर स्नान किया तो मस्तक से सींग हट गए। इसके बाद ऋषिवर ने यहां श्रृंगेश्वर महादेव की स्थापना की। इसका वर्णन स्कंधपुराण में है। वर्तमान में माही बांध के बैक वॉटर में वह प्राचीन मंदिर डूब गया है जो शिवरात्रि तक बाहर आ जाता है।

देवझिरी

देवझिरी झाबुआ से 8 किलोमीटर उत्तर-पूर्व में अहमदाबाद-इंदौर स्टेट हाईवे नंबर -2 पर स्थित है। यह 1 किलोमीटर सड़क के पश्चिम में, सुनार नदी पर है। यहां भगवान शिव का एक प्राचीन मंदिर (देव धाम) है। यहां झिरी बारहमासी है। इस झरने को एक कुंड में बनाया गया है। अप्रैल माह की पूर्णिमा को यहां धार्मिक आयोजन होते हैं।

हाथीपावा पर्यटन स्थल

हाथीपावा पहाड़ी एक पर्यटन स्थल है इको टूरिज्म के साथ यह स्थल बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। यहां रोजाना सैकड़ों की संख्या में पर्यटक आते हैं। मध्यप्रदेश के जनजातीय अंचल झाबुआ शहर को हरा भरा बनाने और शहर का ग्राउंड वाटर लेवल बढ़ाने के उदेश्य से झाबुआ की हाथी पावा टेकरी को हरा भरा करने का प्रयास किया गया है। इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने के लिए जिला प्रशासन, वन विभाग, समाज सेवी संस्थाएं और आमजन ने सामूहिक प्रयास किये हैं। हाथीपावा पहाडियों पर हर वर्ष मकर संक्रांति को पतंग महोत्सव का आयोजन किया जाता है। इस पतंग उत्सव में जिले भर से बड़ी संख्या में लोग स्थल पर पहुंचकर पतंगबाजी का आनंद उठाते हैं। रात में दिखाई दे, इसलिए खंबे पर चार लैम्प लगाए गए हैं। हाथीपावा पहाड़ी पर लोग घुड़सवारी का भी आनंद ले सकते हैं। ध्यान और योग के लिए यहाँ ध्यान स्थल का निर्माण किया गया है। बच्चों के लिए झूले, चकरी आदि की भी व्यवस्था की गयी है। पहाड़ी पर पर्यटकों के लिए सनसेट पॉइंट भी विकसित किया गया है। उल्लेखनीय है कि हाथीपावा पहाडी को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा रहा है। विशेष रूप से इस स्थल को जिले और प्रदेश के श्रेष्ठ पर्यटन स्थलों के रूप में विकसित करने का प्रयास है।

धमोई तालाब, झाबुआ

शहर की पेयजल व्यवस्था का मुख्य स्रोत धमोई तालाब, बारिश के दिनों में पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र है। स्थानीय जन और पर्यटक यहाँ पिकनिक मनाने और फोटोग्राफ़ी करने आते हैं। बारिश के दिनों में तालाब पूर्ण भरने के बाद पानी का निकास झरने के रूप में देखने को मिलता है। प्राकृतिक सौन्दर्य का यह दृश्य निश्चित रूप से मनमोहक है।

- देवेन्द्र गोरे

(लेखक, सम-सामयिक विषयों पर लेखन करते हैं।)

संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश

गुरु तेग बहादुर काम्पलेक्स, टी.टी. नगर, न्यू मार्केट, भोपाल 462003

विज्ञप्ति

क्रमांक : 202/स्था./संसैक/2022/ **दिनांक : 12.06.2024**

1. संचालनालय सैनिक कल्याण मध्यप्रदेश के अंतर्गत मध्यप्रदेश के विभिन्न कार्यालयों में निम्नलिखित पदों पर भर्ती हेतु केवल भूतपूर्व सैनिकों से आवेदन आमंत्रित हैं :–

क्रमांक	पद	संख्या	आरक्षण
1.	अधीक्षक	01	अनुसूचित जाति
2.	सहायक ग्रेड-2	04	अन्य पिछड़ा वर्ग-02, अनुसूचित जाति-01 एवं अनुसूचित जनजाति-01
3.	शीघ्रमुद्रलेखक	01	किसी भी प्रवर्ग से
4.	सहायक ग्रेड-3	03	अनुसूचित जाति-01 एवं अनुसूचित जनजाति-02
5.	भृत्य	02	अनारक्षित-01 एवं आर्थिक रूप से कमजोर-01
6.	चौकीदार-सह-फर्राश	04	अनारक्षित-02 एवं अन्य पिछड़ा वर्ग-02

2. आवेदन का प्रारूप, अर्हता एवं अन्य जानकारी विभाग की वेबसाइट **https://sainikkalyan.mp.gov.in** से प्राप्त की जा सकती है।
3. भूतपूर्व सैनिक अपना आवेदन जिस जिला सैनिक कल्याण कार्यालय में पंजीकृत है, से डाक के माध्यम से **दिनांक 10 जुलाई 2024 तक** भेजना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जावेगा।

जी-12193/49747/2024 **संचालक**

भारतीय फुटबॉल टीम के कोच स्टिमेक बर्खास्त

नई दिल्ली, अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारतीय पुरुष फुटबॉल टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद मुख्य कोच इगोर स्टिमेक को बर्खास्त कर दिया है। फीफा विश्वकप क्वालिफायर के दूसरे दौर में भारतीय टीम को कतर के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद भारतीय टीम तीसरे दौर में जगह नहीं बना पाई। इस हार के बाद एआईएफएफ ने स्टिमेक को हटा दिया है। स्टिमेक वर्ष 2019 में भारतीय फुटबॉल टीम के मुख्य कोच बने थे, वर्ष 2023 में उनका कार्यकाल एक वर्ष के लिए बढ़ाया गया था। एआईएफएफ ने कहा कि भारतीय फुटबॉल टीम के फीफा विश्वकप क्वालिफिकेशन अभियान के निराशाजनक परिणाम को देखते हुए महासंघ ने निर्णय लिया कि भारतीय फुटबॉल टीम को आगे ले जाने के लिए एक नया मुख्य कोच उपयुक्त होगा।

आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप-2024

भारत ने अफगानिस्तान को 47 रन से हराया

ब्रिजटाउन, भारत ने आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप के सुपर-8 राउंड में जीत के साथ शुरुआत की है। भारत ने सुपर-8 राउंड में अपने पहले मैच में अफगानिस्तान को 47 रन से हराया। भारत की जीत के हीरो सूर्यकुमार यादव रहे।

मैच में भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। कप्तान रोहित शर्मा टीम को मजबूत शुरुआत दिलाने में नाकाम रहे और 8 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने पारी को संभाला, लेकिन वह बड़ी पारी खेलने में असफल रहे। टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव ने बल्लेबाजी के लिए मुश्किल पिच पर बेहतरीन प्रदर्शन किया और 28 गेंदों में 53 रनों की पारी खेली। इस पारी के दौरान सूर्यकुमार ने 5 चौके और 3 छक्के लगाए। पारी के दौरान हार्दिक पंड्या (32) ने सूर्यकुमार का बखूबी साथ निभाया और पांचवें विकेट के लिए सूर्यकुमार के साथ 60 रनों की साझेदारी की। इन दोनों बल्लेबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत भारतीय टीम ने 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 181 रन बनाये।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी अफगानिस्तान की टीम की शुरुआत भी खराब रही। महज 23 पर टीम के 3 विकेट आउट हो गए। इसके बाद गुलबदीन नाइब, अजमतुल्लाह ओमरजई और नजीबुल्लाह जादरान ने छोटी-छोटी उपयोगी पारियां खेलकर टीम को 100 रन के पार पहुंचाया। भारतीय गेंदबाजों ने सटीक लाइनलेंथ से गेंदबाजी की, जिसके कारण अफगानिस्तान के बल्लेबाज खुलकर रन नहीं बना सके। अफगानिस्तान की टीम 20 ओवरों में 134 रन बनाकर ऑलआउट हो गई।

भारत के लिए जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह ने 3-3, कुलदीप यादव ने 2 और अक्षर पटेल तथा रवींद्र जडेजा ने 1-1 विकेट लिए।

- भारत ने अफगानिस्तान को ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में आठवीं बार हराया।
- क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में अफगानिस्तान ने अब तक भारत को नहीं हराया है।
- सूर्यकुमार ने ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में 19वां अर्धशतक बनाया।
- सूर्यकुमार ट्वेंटी-20 अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में रिकॉर्ड 15वीं बार बने प्लेयर ऑफ द मैच।
- इस मामले में सूर्यकुमार ने अपने टीम साथी विराट कोहली की बराबरी की।

गुडाकेश मोती बने आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ

दुबई, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मई महीने के लिए आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार घोषित कर दिए हैं। आईसीसी ने वेस्टइंडीज के स्पिनर गुडाकेश मोती को मई माह का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना है, वहीं महिला वर्ग में श्रीलंका की चमारी अट्टापट्टू प्लेयर ऑफ द मंथ चुनी गई हैं। आईसीसी ने कहा कि गुडाकेश मोती ने दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज के बीच खेली गई तीन मैचों की ट्वेंटी-20 सीरीज में बेहतरीन गेंदबाजी की और 8.50 की औसत से 8 विकेट झटके थे। वहीं चमारी अट्टापट्टू ने आईसीसी महिला ट्वेंटी-20 विश्वकप क्वालिफायर में 151 रनों की पारी खेली और 6 विकेट लिए थे।

टिटमस ने 200 मीटर तैराकी में बनाया विश्व रिकॉर्ड

ब्रिसबेन, ऑस्ट्रेलिया की एरियन टिटमस ने ओलंपिक तैराकी ट्रायल के दौरान महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल तैराकी स्पर्धा में नया विश्व रिकॉर्ड बनाया है। टिटमस ने रेस एक मिनट 52.23 सेकेंड का समय निकालकर पूरी की। इससे पहले महिलाओं की 200 मीटर फ्रीस्टाइल स्पर्धा का रिकॉर्ड मोलि ओ'कैलाघन के नाम था। ओकालाघन ने पिछले वर्ष विश्व तैराकी चैम्पियनशिप में एक मिनट 52.85 सेकेंड के साथ विश्व रिकॉर्ड बनाया था।

भारतीय महिला टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 4 रन से हराया

बेंगलुरु, भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेली गई वन-डे सीरीज के दूसरे मैच में भारतीय महिला क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 4 रन से जीत दर्ज की है। इससे पहले भारत ने पहला वन-डे मैच 143 रन से जीता था

मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 325 रन बनाये। यह घरेलू वन-डे मैच में भारतीय महिला टीम का सबसे बड़ा स्कोर है। मैच में सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और शेफाली वर्मा ने भारत को मजबूत शुरुआत दिलाई। हालांकि शेफाली 20 रन की पारी ही खेल सकीं। शेफाली के बाद डी हेमलता (24) जल्द आउट हो गईं। इन दोनों बल्लेबाजों के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी हरमनप्रीत कौर ने स्मृति का बखूबी साथ निभाया। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 171 रन की साझेदारी हुई। स्मृति ने 136 रन की पारी खेली, वहीं हरमनप्रीत ने नाबाद 103 रन बनाये। भारतीय टीम ने 50 ओवरों में 3 विकेट खोकर 325 रन बनाये।

326 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी दक्षिण अफ्रीकी टीम ने भारतीय टीम को जबरदस्त टक्कर दी। हालांकि दक्षिण अफ्रीका की शुरुआत खराब रही। भारतीय गेंदबाजों ने 67 रन के अंदर 3 विकेट लेकर दक्षिण अफ्रीकी टीम को बैकफुट पर ला दिया। इसके बाद लॉरा वॉल्वार्ट (135) और मेरिजन केप (114) ने 184 रनों की साझेदारी कर मैच को रोमांचक बना दिया। केप के आउट होने के बाद दक्षिण अफ्रीका की पारी बिखर गई और टीम 321 रन ही बना सकी।

केटी बोल्टर ने जीता नॉटिंघम ओपन

नॉटिंघम, ब्रिटेन की महिला टेनिस खिलाड़ी केटी बोल्टर ने नॉटिंघम ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब अपने नाम किया है। 27 वर्षीय बोल्टर का यह तीसरा डब्ल्यूटीए टूर खिताब है। टूर्नामेंट में महिला एकल वर्ग के फाइनल में बोल्टर ने चेक गणराज्य की कैरोलिन प्लिस्कोवा को कड़े मुकाबले में 4-6, 6-3, 6-2 से हराया। बोल्टर ने लगातार दूसरी बार नॉटिंघम ओपन टूर्नामेंट जीता है।

न्यूजीलैंड के विलियमसन ने दिया कप्तानी से इस्तीफा

ऑकलैंड, आईसीसी ट्वेंटी-20 विश्वकप में न्यूजीलैंड के खराब प्रदर्शन के बाद कप्तान केन विलियमसन ने वन-डे और ट्वेंटी-20 प्रारूप में टीम की कप्तानी छोड़ने की घोषणा की है। इसके अलावा विलियमसन ने वर्ष 2024-25 के लिए क्रिकेट न्यूजीलैंड का सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट लेने से भी इंकार कर दिया है। विलियमसन ने कहा कि मैं अपना अंतर्राष्ट्रीय कॅरियर लंबा करने के लिए सीमित ओवर प्रारूप की कप्तानी से हट रहा हूं।

अल्बानिया के बजरामी ने यूरो कप में किया सबसे तेज गोल

डॉर्टमंड, अल्बानिया के युवा फुटबॉलर नेदिम बजरामी ने यूरो कप में इतिहास रच दिया है। यूरो कप में इटली और अल्बानिया के बीच खेले गए मैच में बजरामी ने खेल शुरू होने के बाद 23वें सेकेंड में गोल करके यूरो कप के 64 वर्ष के इतिहास में सबसे तेज गोल करने का रिकॉर्ड बनाया। बजरामी के शानदार खेल के बावजूद अल्बानिया की टीम इटली पर दबाव बना पाने में असफल रही।

मैच में 1-0 से पिछड़ने के बाद गत चैम्पियन इटली ने जबरदस्त वापसी की। मैच के 11वें मिनट में इटली के लिए एलेजांद्रो बस्तोनी ने लोरेंजो पेलेग्रिनी के क्रॉस पर शानदार हेडर के जरिए गोल कर अपनी टीम को बराबरी पर ला दिया। गोल होने के बाद इटली ने आक्रामक रणनीति जारी रखी। मैच के 16वें मिनट में निकोलो बारेला ने शानदार गोल कर इटली को 2-1 की बढ़त दिलाई जो अंत तक जारी रही।

भारत में आयोजित होगा जूनियर हॉकी विश्व कप

लुसाने, भारत वर्ष 2025 में आयोजित होने वाले एफआईएच जूनियर पुरुष हॉकी विश्वकप की मेजबानी करेगा। यह फैसला अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) की एजीक्यूटिव बोर्ड की बैठक में लिया गया। एफआईएच ने कहा कि भारत चौथी बार इस विश्वकप की मेजबानी करेगा। इससे पहले वर्ष 2013, 2016 और 2021 में भी यह विश्वकप भारत में आयोजित हो चुका है। इस विश्वकप में 24 टीमें हिस्सा लेंगी।

पावो नूरमी गेम्स

नीरज चोपड़ा ने जीता स्वर्ण पदक

तुर्कू, भारत के स्टार भालाफेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने पेरिस में आयोजित होने वाले ओलंपिक खेलों से पहले एक बार फिर मैदान में दमदार वापसी की है। नीरज ने फिनलैंड में आयोजित पावो नूरमी गेम्स में शानदार स्वर्ण पदक जीता है। प्रतियोगिता में नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर की दूरी तय की जो उन्हें स्वर्ण पदक दिलाने के लिए पर्याप्त रही।

चोट के बाद मैदान में वापसी कर रहे नीरज ने प्रतियोगिता की शुरुआत जोरदार तरीके से की। उन्होंने अपने पहले ही प्रयास में 83.62 मीटर का थ्रो किया, वहीं दूसरे प्रयास में नीरज 83.45 मीटर का थ्रो ही कर सके। दूसरे राउंड में फिनलैंड के ओलिवर हेलैंडर ने 83.96 मीटर का थ्रो कर नीरज को पीछे छोड़ दिया। इसके बाद नीरज ने अपने तीसरे प्रयास में 85.97 मीटर का थ्रो कर एक बार फिर बढ़त हासिल की। चौथे और छठवें प्रयास में नीरज 83 मीटर की दूरी हासिल करने से चूक गए, वहीं उनका पांचवां प्रयास फाउल रहा। प्रतियोगिता में फिनलैंड के टोनी केरेनन ने 84.19 मीटर के शानदार प्रदर्शन के साथ रजत पदक जीता, वहीं हेलैंडर ने कांस्य पदक पर कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में नीरज के चिर प्रतिद्वंद्वी और दो बार के पूर्व विश्व चैम्पियन एंडरसन पीटर्स का प्रदर्शन बेहद साधारण रहा, वह 82.58 मीटर के साथ चौथे स्थान पर रहे। पावो नूरमी गेम्स में नीरज ने दूसरी बार पदक जीता है। इससे पहले नीरज ने वर्ष 2022 में इस प्रतियोगिता में 89.30 मीटर के थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। नीरज ने इसके बाद स्टॉकहोम डायमंड लीग में 89.94 मीटर का थ्रो किया था, जो उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत प्रदर्शन भी है।

- नीरज चोपड़ा टोक्यो ओलंपिक खेलों में भालाफेंक स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीत चुके हैं।
- नीरज ओलंपिक खेलों में एथेलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय हैं।
- नीरज विश्व एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में भी स्वर्ण पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट हैं।

विश्व शतरंज चैम्पियनशिप

दिव्या देशमुख ने जीता खिताब

गांधीनगर, भारत की 18 वर्षीय महिला ग्रैंडमास्टर दिव्या देशमुख ने महिलाओं की अंडर-20 विश्व जूनियर शतरंज चैम्पियनशिप का खिताब जीत लिया है। दिव्या ने टूर्नामेंट में बुल्गारिया की बेलोस्लाव क्रास्तेवा को हराकर यह खिताब जीता। दिव्या ने टूर्नामेंट में 11 में से 10 अंक हासिल कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया। उन्होंने दूसरे स्थान पर रही आर्मेनिया की मरियम मकरतचयान (9.5) को आधे अंक से पछाड़ा। प्रतियोगिता में अजरबेजान की अयान अल्लाहवेरदियेवा ने रूस की नोर्मन सेनिया को हराकर 8.5 अंक के साथ कांस्य पदक जीता।

दिव्या ने इस टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन किया। वह पूरे टूर्नामेंट में अपराजेय रहीं। उन्होंने टूर्नामेंट में 11 मैच खेले, इनमें से 9 मैच उन्होंने जीते हैं, जबकि उनके दो मैच ड्रॉ रहे थे। शतरंज में 2456 की ईएलओ रेटिंग रखने वाली दिव्या देशमुख एशियाई जूनियर चैम्पियन भी रह चुकी हैं।

- यह दिव्या की लगातार दूसरी खिताबी जीत है।
- इससे पहले दिव्या ने मई 2024 में शारजाह चैलेंजर्स खिताब जीता था।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

सामयिकी

30 वर्षों का रिकॉर्ड तोड़कर

दक्षिण अफ्रीका में बनी गठबंधन सरकार

दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता सिरिल रामफोसा ने दक्षिण अफ्रीका के राष्ट्रपति के रूप में शपथ ली है। अपने पिछले 30 सालों के रिकॉर्ड को तोड़कर पहली बार एनएनसी ने संसद में बहुमत न मिलने पर गठबंधन की सरकार बनाई है। पिछले 30 वर्षों में पहली बार रामफोसा की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस ने बहुमत खो दिया। इसलिए एएनसी और डेमोक्रेटिक गठबंधन ने मिलकर सरकार बनाने पर समझौता किया। इस बार चुनाव में एएनसी में 40 प्रतिशत वोट मिले, डेमोक्रेटिक अलायंस 22 प्रतिशत के साथ दूसरे स्थान पर रहा। प्रिटोरिया में यूनियन बिल्डिंग में मुख्य न्यायाधीश रेमंड जोंडो ने उनको शपथ दिलाई। 71 वर्षीय रामफोसा ने कहा मैं शपथ लेता हूं कि मैं दक्षिण अफ्रीका गणराज्य के प्रति वफ़ादार रहूंगा। उन्होंने कहा कि मैं संविधान और गणराज्य के अन्य सभी कानूनों का पालन करूंगा।

प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त की जारी

भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में कृषि व्यवस्था की है बड़ी भूमिका

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने वाराणसी, उत्तर प्रदेश में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित किया और लगभग 9.26 करोड़ लाभार्थी किसानों को 20 हजार करोड़ रुपये से अधिक की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 17वीं किस्त जारी की। उन्होंने स्वयं सहायता समूहों की 30 हजार से अधिक महिलाओं को कृषि सखी के रूप में प्रमाण पत्र भी प्रदान किए। सभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा अब तो लगता है कि मां गंगा ने भी मुझे अपना लिया है और मैं काशी के लिए स्थानीय हो गया हूं। प्रधानमंत्री ने कहा कि 18वीं लोकसभा के लिए संपन्न हुए आम चुनाव भारत के लोकतंत्र की विशालता, क्षमताओं, व्यापकता तथा जड़ों का प्रतीक हैं। प्रधानमंत्री ने 31 करोड़ से अधिक महिला मतदाताओं की सहभागिता देख कहा कि यह दुनिया में किसी एक देश में महिला मतदाताओं की सबसे अधिक संख्या है। उन्होंने कहा कि यह संख्या अमेरिका की पूरी आबादी के आसपास है। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह किसानों, नारी शक्ति, युवाओं और गरीबों को विकसित भारत के स्तंभों के रूप में अहमियत देते हैं।

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने वाराणसी में किसान सम्मान सम्मेलन को संबोधित किया

उन्होंने कहा कि पीएम आवास योजना के तहत 3 करोड़ अतिरिक्त परिवारों या पीएम किसान सम्मान निधि की किस्तों से जुड़े इन फैसलों से करोड़ों लोगों को मदद मिलेगी।

दुनिया की सबसे बड़ी योजना बनकर उभरी

प्रधानमंत्री ने कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ अंतरण योजना के रूप में उभरी है। इस धनराशि से अकेले वाराणसी के परिवारों को 700 करोड़ रुपये हस्तांतरित किए गए हैं। प्रधानमंत्री ने पात्र लाभार्थियों तक लाभ पहुंचाने में प्रौद्योगिकी के उपयोग की सराहना की और विकसित भारत संकल्प यात्रा का भी श्रेय दिया, जिसके कारण 1 करोड़ से अधिक किसानों ने पीएम किसान योजना के तहत खुद को पंजीकृत कराया। प्रधानमंत्री ने कहा जब इरादे और विश्वास सही हो तो किसान कल्याण से संबंधित कार्य तेजी से होते हैं।

विशाल नेटवर्क बनाया जा रहा है

21वीं सदी में भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने में कृषि-पारिस्थितिकी तंत्र की भूमिका पर प्रधानमंत्री ने वैश्विक दृष्टिकोण अपनाने और दालों और तिलहनों में आत्मनिर्भरता को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाने में कृषि व्यवस्था की बड़ी भूमिका है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के स्थानीय उत्पादों को वैश्विक बाजार मिल रहा है और वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट योजना तथा हर जिले में निर्यात केंद्रों के माध्यम से निर्यात को बढ़ावा मिल रहा है। उन्होंने कृषि में भी जीरो डिफेक्ट-जीरो इफेक्ट के मंत्र पर जोर देते हुए कहा, मेरा सपना है कि दुनिया भर में हर खाने की मेज पर कम से कम एक भारतीय खाद्य उत्पाद अवश्य हो। प्रधानमंत्री ने कहा कि किसान समृद्धि केंद्रों के माध्यम से मोटे अनाज, हर्बल उत्पादों और प्राकृतिक खेती को समर्थन देने के लिए एक विशाल नेटवर्क बनाया जा रहा है।

रूस और उत्तर कोरिया में

तत्काल सैन्य सहायता प्रदान करने के लिये हुआ महत्वपूर्ण समझौता

रूस और उत्तर कोरिया के नेताओं के बीच हुए नए समझौते के तहत दोनों देशों में से किसी पर भी हमला होने की सूरत में दोनों देश एक दूसरे को तत्काल सैन्य सहायता प्रदान करने के लिए सभी उपलब्ध साधनों का इस्तेमाल करेंगे। उत्तर कोरिया की आधिकारिक समाचार एजेंसी 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' ने किम जोंग उन और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच प्योंगयांग में हुए व्यापक रणनीतिक साझेदारी समझौते की जानकारी दी। समझौते के अनुच्छेद 4 के अनुसार अगर दोनों में से किसी भी देश पर हमला होता है या फिर युद्ध की स्थिति पैदा होती है तो दूसरे देश को बिना किसी विलंब के सैन्य व अन्य सभी प्रकार की सहायता प्रदान करनी होगी। इस समझौते को शीत युद्ध की समाप्ति की बाद से मॉस्को और प्योंगयांग के बीच सबसे ज्यादा ताकतवर और बड़ा समझौता माना जा रहा है।

प्योंगयांग, रूस को देगा हथियार

रूस और उत्तर कोरिया के बीच यह समझौता ऐसे समय में हुआ है जब अमेरिका और उसके सहयोगी देश मॉस्को और प्योंगयांग के बीच संभावित हथियार समझौते को लेकर चिंता जता रहे हैं। इस समझौते के तहत प्योंगयांग आर्थिक सहायता और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण के बदले में मॉस्को को यूक्रेन में युद्ध के लिए अत्यंत आवश्यक हथियार उपलब्ध कराएगा। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने कहा कि दोनों देशों के बीच घनिष्ठ मित्रता है और यह अब तक का उनका सबसे शक्तिशाली समझौता है।

नालंदा भारत की शैक्षणिक विरासत और जीवंत सांस्कृतिक आदान-प्रदान का प्रतीक है

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के राजगीर में नालंदा विश्वविद्यालय के नए परिसर का उद्घाटन किया। विश्वविद्यालय की परिकल्पना भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के देशों के बीच सहयोग प्रणाली के रूप में की गई है। प्रधानमंत्री ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि यह विश्वविद्यालय भारत की विकास-यात्रा की दिशा में एक सकारात्मक संकेत है। उन्होंने कहा कि नालंदा केवल एक नाम नहीं है, यह एक पहचान है, एक सम्मान है। नालंदा मूल है और मंत्र भी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा के प्राचीन अवशेषों के निकट इसका पुनरुद्धार विश्व को भारत की क्षमताओं से परिचित कराएगा। इससे विश्व को यह जानकारी मिलेगी कि प्रबल मानवीय मूल्यों वाले राष्ट्र, इतिहास का कायाकल्प करके एक बेहतर विश्व का निर्माण करने में सक्षम हैं। उन्होंने कहा कि नालंदा में विश्व, एशिया और कई देशों की विरासत समाहित है और इसका पुनरुद्धार सिर्फ भारतीय पहलुओं के पुनरुद्धार तक सीमित नहीं है।

'वसुधैव कुटुम्बकम' का आदर्श उदाहरण है

प्रधानमंत्री ने कहा कि नालंदा का अर्थ ज्ञान और शिक्षा का निरंतर प्रवाह है और यही शिक्षा के प्रति भारत का दृष्टिकोण और सोच रही है। उन्होंने कहा कि प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय में छात्रों को उनकी अलग-अलग पहचान और राष्ट्रीयता के बावजूद प्रवेश दिया जाता था। उन्होंने आधुनिक रूप में नवनिर्मित नालंदा विश्वविद्यालय परिसर में उन्हीं प्राचीन परंपराओं को सुदृढ़ करने की आवश्यकता पर भी बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि 20 से अधिक देशों के छात्र पहले से ही नालंदा विश्वविद्यालय में अध्ययन कर रहे हैं यही 'वसुधैव कुटुम्बकम' का आदर्श उदाहरण है।

भारतीय परंपरा का उल्लेख

प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत में हमने प्रगति और पर्यावरण को एक साथ आगे बढ़ाया है। इसने भारत को स्वस्थ जीवन शैली और अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन जैसी पहल करने का अवसर प्रदान किया। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर अग्रणी नेट जीरो एनर्जी, नेट जीरो एमिशन, नेट जीरो वाटर और नेट जीरो वेस्ट मॉडल के साथ निरंतरता की भावना को आगे बढ़ाएगा।

भारतीय वायुसेना की टुकड़ी अलास्का में आयोजित रेड फ्लैग अभ्यास में हुई शामिल

भारतीय वायु सेना (आईएएफ) की एक टुकड़ी ने संयुक्त राज्य वायु सेना के एइलसन एयर फ़ोर्स बेस, अलास्का में 04 जून से 14 जून 2024 तक आयोजित अभ्यास रेड फ्लैग 2024 में भाग लिया। यह एक्स रेड फ्लैग 2024 का दूसरा संस्करण था जो एक उन्नत हवाई युद्ध प्रशिक्षण अभ्यास है, जिसे अमेरिकी वायु सेना द्वारा वर्ष में चार बार आयोजित किया जाता है। इस अभ्यास में भारतीय वायु सेना के साथ-साथ रिपब्लिक ऑफ़ सिंगापुर एयर फ़ोर्स (आरएसएएफ), यूनाइटेड किंगडम की रॉयल एयर फ़ोर्स (आरएएफ), रॉयल नीदरलैंड एयर फ़ोर्स (आरएनएलएएफ), जर्मन लूफ़्टवाफ़े और यूएस एयर फ़ोर्स (यूएसएएफ) ने भाग

लिया। भारतीय वायुसेना की टुकड़ी ने राफेल विमान और कर्मियों के साथ भाग लिया जिसमें वायुसेना दल, तकनीशियन, इंजीनियर, नियंत्रक और विषय विशेषज्ञ शामिल थे। राफेल लड़ाकू विमान की ट्रान्साटलांटिक फ़ेरी को आईएल-78 एयर टू एयर रिफ्यूलर (एएआर) द्वारा सक्षम किया गया था, जबकि कर्मियों और उपकरणों का परिवहन सी-17 ग्लोबमास्टर विमान द्वारा किया गया था। भारतीय वायुसेना की यह टुकड़ी 29 मई 2024 को अलास्का में यूएसएएफ बेस ईल्सन में पहुंची।

इसलिये विशेष है रेड फ्लैग युद्ध अभ्यास

रेड फ्लैग एक हवाई युद्ध अभ्यास है जिसे यथार्थवादी युद्ध सेटिंग्स प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किए गए कई परिदृश्यों के साथ आयोजित किया जाता है। वांछित वातावरण का अनुकरण करने के लिए बलों का सीमांकन किया जाता है, जिसमें रेड फोर्स वायु रक्षा तत्वों का अनुकरण करती है और ब्लू फोर्स आक्रामक समग्र तत्वों का अनुकरण करती है।

किसानों के हित में बड़ा फैसला

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य को मंजूरी दी

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए सभी आवश्यक खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) में वृद्धि को मंजूरी दे दी है। सरकार ने विपणन सत्र 2024-25 के लिए खरीफ फसलों के एमएसपी में वृद्धि की है, ताकि उत्पादकों को उनकी उपज के लिए लाभकारी मूल्य सुनिश्चित किया जा सके। पिछले वर्ष की तुलना में एमएसपी में सबसे अधिक वृद्धि तिलहन और दालों के लिए की गई है, जैसे नाइजरसीड (983 रुपये प्रति क्विंटल), उसके बाद तिल (632 रुपये प्रति क्विंटल) और तुअर, अरहर (550 रुपये प्रति क्विंटल)। इसमें वह लागत शामिल है जिसमें सभी भुगतान

की गई लागतें शामिल हैं, जैसे कि किराए पर लिए गए मानव श्रम, बुलॉक लेबर, मशीन श्रम, पट्टे पर ली गई भूमि के लिए भुगतान किया गया।

(स्रोत : संपादकीय टीम द्वारा संकलित, फोटो : गूगल से साभार)

स्वामी- मध्यप्रदेश माध्यम, प्रकाशक- संदीप यादव, मुद्रक- संदीप यादव द्वारा मेसर्स डी.बी. कॉर्प लिमिटेड, 10-11, सेक्टर-B, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा, भोपाल से मुद्रित एवं मध्यप्रदेश माध्यम 40, प्रशासनिक क्षेत्र, अरेरा हिल्स, भोपाल-462011 (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक- रंजना चितले।